वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2017-18

समावेशी प्रगति के लिए समर्पित

POWERING INCLUSIVE GROWTH

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India

निदेशक मंडल / Board of Directors

श्री एन. दामोदरन (कार्यपालक निदेशक), श्री देबब्रत सरकार, श्री डी. हरीश, श्रीमती वेनी थापर, श्री दीनबंधु मोहापात्रा (प्रबंध निदेशक एवं सीईओ), श्री जी. पद्मनाभन (अध्यक्ष), श्रीमती आर सेबॅस्टियन, श्री गिरीश चंद्र मुर्मू, श्री ए. के. दास (कार्यपालक निदेशक), श्री सी. जी. चैतन्य (कार्यपालक निदेशक)

Shri N Damodharan (Executive Director), Shri Debabrata Sarkar, Shri D Harish, Ms. Veni Thapar, Shri Dinabandhu Mohapatra (Managing Director & CEO), Shri G Padmanabhan (Chairman), Ms. R Sebastian, Shri Girish Chandra Murmu, Shri A K Das (Executive Director), Shri C G Chaitanya (Executive Director)

बैंक ऑफ़ इंडिया / Bank of India

(भारत सरकार का उपक्रम),
(A Government of India undertaking),

प्रधान कार्यालय:
स्टार हाउस, सी-5, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला काम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051.
फोन : 022 - 6668 44 44
ई-मेल : headoffice.share@bankofindia.co.in
वेबसाइट: www.bankofindia.co.in

Head Office :
Star House, C-5, G Block,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (East),
Mumbai - 400 051.
Phone : 022- 6668 44 44
E-mail : headoffice.share@bankofindia.co.in
Website : www.bankofindia.co.in

महत्वपूर्ण सूचनाएँ		Important Information	
ई-वोटिंग तिथियां	10 जुलाई, 2018 सुबह 10.00 बजे से 12 जुलाई 2018 शाम 5.00 बजे तक	E- Voting dates	10th July 2018 10 a.m. to 12th July 2018 Till 5.00 p.m.
लेखाबंदी तिथि	9 जुलाई 2018 से 12 जुलाई 2018	Book Closure	9th July 2018 to 12th July 2018
वार्षिक आम बैठक तिथि एवं समय	शुक्रवार, 13 जुलाई 2018 सुबह 10.30 बजे	Date & Time of Annual General Meeting	Friday 13th July 2018 at 10.30 a.m.
वार्षिक आम बैठक का स्थान	बैंक ऑफ़ इंडिया ऑडिटोरियम स्टार हाऊस, सी-5, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला काम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई - 400 051.	AGM Venue	Bank of India Auditorium, Star House, C-5, G Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051.

विषय सूची

Contents

अवलोकन / Overview

2 सांविधिक लेखा परीक्षक
2 महाप्रबंधक
3 अध्यक्ष का संबोधन
6 प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य

2 Statutory Auditors
2 General Managers
3 Chairman’s Statement
6 Managing Director & CEO’s Statement

सांविधिक रिपोर्ट / Statutory Reports

10 निदेशक रिपोर्ट
14 प्रबंधन विचार - विमर्श एवं विश्लेषण
41 कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व रिपोर्ट
42 कॉरपोरेट शासन रिपोर्ट
60 सीईओ/सीएफओ प्रमाणीकरण
60 मुख्य कार्यपालक अधिकारी की घोषणा
169 बासेल-III (स्तंभ 3) - प्रकटन
229 आम बैठक की सूचना

12 Directors' Report
28 Management Discussion & Analysis
41 Corporate Social Responsibility Report
42 Corporate Governance Report
60 CEO/CFO Certificate
60 Declaration by CEO
200 Basel-III (Pillar 3) - Disclosures
229 Notice of Annual General Meeting

वित्तीय विवरण / Financial Statements

62 तुलनपत्र
63 लाभ एवं हानि खाता
64 नकदी प्रवाह विवरण
72 महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ
84 खातो के भाग स्वरुप टिप्पणियां
123 स्वतंत्र लेखा परीक्षको की रिपोर्ट
127 समेकित वित्तीय विवरण

62 Balance Sheet
63 Profit & Loss Account
64 Cash Flow Statement
72 Significant Accounting Policies
84 Notes Forming Part of Accounts
123 Independent Auditor’s Report
127 Consolidated Financial Statements

सांविधिक लेखा परीक्षक Statutory Auditors

मेसर्स जी.डी.आपटे एण्ड कंपनी	M/s. G D Apte & Company
मेसर्स एनबीएस एण्ड कंपनी	M/s. NBS. & Company
मेसर्स बंसी जैन एण्ड एसोसिएट्स	M/s. Banshi Jain & Associates.

महाप्रबंधक General Managers

देवेन्द्र शर्मा (सी वी ओ)	DEVENDRA SHARMA (CVO)	जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव	JITENDRA KUMAR SRIVASTAVA
शंकरदास गुप्ता	SHANKARDAS GUPTA	अश्विनी कुमार पुन	ASHWANI KUMAR PUNN
एस.आर. मीणा	SHEOJI RAM MEENA	राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव	RAJENDRA KUMAR SHRIVASTAVA
अनन्त उपाध्ये	ANANT UPADHYAY	देवेंद्र पी. शर्मा	DEVENDER P. SHARMA
ब्रजेश कुमार मोहन्ती	BRAJESH KUMAR MOHANTY	के राजारामन	K RAJARAMAN
अज्ञेय कुमार आज़ाद	AGYEY KUMAR AZAD	राजेंद्र नारायण हरिचन्दन	RAJENDRA N. HARICHANDAN
दिनेशकुमार गर्ग	DINESHKUMAR GARG	अरुण कुमार मण्डल	ARUN KUMAR MANDAL
राजकुमार सिंह चौहान	RAJKUMAR SINGH CHOUHAN	सुनील कुमार रेलन	SUNIL KUMAR RELAN
मृत्युंजय कुमार गुप्ता	MRITYUNJAY KUMAR GUPTA	गौर हरि सारंगी	GOURA HARI SARANGI
श्याम सुंदर बनिक	SHYAM SUNDAR BANIK	मिलिंद माधव वैद्य	MILIND MADHAV VAIDYA
रमेश चंद ठाकुर	RAMESH CHAND THAKUR	पर्शुराम पंडा	PARSHURAM PANDA
प्रसाद अंबादास जोशी	PRASAD AMBADAS JOSHI	अजय कुमार साहू	AJAY KUMAR SAHOO
राज कुमार मित्रा	RAJ KUMAR MITRA	चन्द्र शेखर सहाय	CHANDRA SHEKHAR SAHAY
सुदीप्त कुमार मुखर्जी	SUDIPTA KUMAR MUKHERJEE	शंकर प्रसाद	SHANKER PRASAD
रवि प्रकाश गुप्ता	RAVI PRAKASH GUPTA	अरुण कुमार जैन	ARUN KUMAR JAIN
अरविंद वर्मा	ARVIND VERMA	के. व्ही. राघवेंद्र	K.V. RAGHAVENDRA
विश्वनाथ गुंटा	VISWANATH GUNTA	एम नसीम अहमद अंसारी	M NASEEM AHMED ANSARI
स्वरूप दासगुप्ता	SWARUP DASGUPTA	मनोज दास	MONOJ DAS
आदर्श कुमार अरोड़ा	ADARSH KUMAR ARORA	सुरेश कुमार वर्मा	SURESH KUMAR VERMA
एस रवि कुमार जोयसुला	S. RAVI KUMAR JOSYULA	लाल बृज	LAL BRIJ
सलिल कुमार स्वाईं	SALIL KUMAR SWAIN		

अध्यक्ष का संबोधन

Chairman's Statement

प्रिय शेयरधारकों और हितधारकों,

1. विगत वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2017-18 आर्थिक एवं बैंकिंग क्षेत्र का एक विविधतापूर्ण एवं नित्य बदलनेवाला परिदृश्य प्रस्तुत करता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2011 से 3.8% पर सबसे तीव्रतम वृद्धि नज़र आई; जबकि घरेलू आर्थिक वृद्धि काफी मंद रही। वर्ष 2017 के दौरान विकसित अर्थव्यवस्थाओं में 2.3% वृद्धि हुई और उभरती एवं विकासशील अर्थव्यवस्ताओं में 4.8% वृद्धि हुई। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में निवेश-व्यय में पुनरुत्थान, उभरती एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में निजी खपत में वृद्धि और वैश्विक व्यापार में पुन: आई तेज़ी ने वृद्धि की गति को बनाए रखा।

2. तथापि, पुन: बढ़ने वाली इस वृद्धि के साथ-साथ उपयोगी वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ी हैं और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा है। सकारात्मक आर्थिक वृद्धि और बेरोज़गारी के दर में गिरावट ने यूएसए को वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान ब्याज दर नीति तीन बार बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। यह आशा की जाती है कि ब्याज दरों के सामान्यकरण की यह प्रक्रिया वित्तीय वर्ष 2018-19 में भी जारी रहेगी, जिससे उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के लिए ब्याज दरों में वृद्धि और पूँजी प्रवाह पर उनके संभावित प्रतिकूल प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण परिणाम हो सकते हैं।

3. हालांकि आर्थिक वृद्धि में आई उछाल हम सबके लिए हर्ष की बात है, यह समय है जब आर्थिक इकाइयों को अत्यधिक जोखिम लेने और जोखिम के गलत मूल्य निर्धारण से बचना चाहिए, जिससे भविष्य में वित्तीय असंतुलन पैदा हो सकता है।

4. वैश्विक वृद्धि के इस दौर में, तथापि भारत को वित्तीय वर्ष 2016-17 में 7.1% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 में 6.7% की जीडीपी वृद्धि-दर का सामना करना पड़ा। इसका प्रमुख कारण, विमुद्रीकरण एवं जीएसटी के कार्यान्वयन की वजह से आर्थिक गतिविधियों में आए अवरोध थे। इसके अलावा मुद्रा को कठोर बनाने के उपायों के कारण भी उपभोग एवं निवेश-मांग में कमी आई।

Dear Shareholders and Stakeholders,

1. The year gone-by i.e. FY 2017-18 presents a varied and kaleidoscopic view of the economic and banking sector. The global economy witnessed fastest growth rate at 3.8% since 2011 while domestic economic growth remained somewhat muted. The advanced economies grew by 2.3% and emerging and developing economies by 4.8% during 2017. The resurgence in investment spending in advanced economies, upward movement in private consumption in emerging and developing economies coupled with rebound in global trade has kept up the growth momentum.

2. The resurgent growth, however, has been accompanied with the rise in commodity prices and building up of inflationary pressure. The uptick in economic growth and drop in unemployment rate has prompted USA to raise its policy interest rate thrice during the year FY 2017-18. This process of normalization of interest rate is also expected to continue during FY 2018-19, which have significant implications for emerging economies in terms of hardening of interest rate and possible adverse impact on capital flows.

3. Although buoyancy in economic growth is a matter of satisfaction for all of us , it is the time, when the economic units have to guard them against excessive risk taking and mispricing of risk, which may sow the seeds of future financial imbalances.

4. Amidst the world growth story, however, India stood 'de-coupled', with a GDP growth rate of 6.7% during FY 2017-18 against growth rate of 7.1% during FY 2016-17, primarily due to temporary disruption of economic activities because of demonetization and implementation of GST, apart from the fact that monetary tightening measures also had the sobering effect on consumption and investment demand.

5. वर्ष के दौरान भारत के लिए प्रसन्नता के विषय रहे हैं। "व्यवसाय में सुगमता सूचकांक में हमारे देश ने 190 देशों में 100 वाँ स्थान प्राप्त किया तथा इस रैंकिंग में 30 स्थानों का सुधार आया। हम तब भी प्रसन्न हुए जब मूडी इन्वेस्टर्स सर्विसेज ने भारत सरकार के स्थानीय तथा विदेशी करेंसी जारीकर्ता रेटिंग को बी.ए.ए.2 से बी.ए.ए.3 के स्तर पर अपग्रेड किया तथा ऑउटलुक पर रेटिंग को स्थिर से सकारात्मक किया जो 13 वर्षों के बाद हुआ, परन्तु हम यह भी महसूस करते हैं कि यह देश की क्रेडिट स्थिति को देर से पहचानना है।

6. बैंकिंग तथा वित्तीय क्षेत्र में आस्ति की गुणवत्ता तथा पूँजी आवश्यकताओं पर दबाव था एवं बैंक की आय बॉन्डपर यील्ड के बढ़ने के कारण प्रभावित हुई परन्तु वर्ष के दौरान ऋण वृद्धि कुछ सम्मानजनक रही। वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान अनर्जक ऋण के प्रावधान के कारण भारी प्रभाव पड़ा तथा लगभग सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के द्वारा निवल हानि दर्ज की गयी।

7. पिछले कुछ वर्षों से निश्चित रूप से एन.पी.ए. की पहचान तथा समाधान भारतीय बैंकिंग के केन्द्र में रहा है। अब हम विशेष रूप से कॉरपोरेट ऋणों के संदर्भ में बढ़ते एन.पी.ए. के समाधान के लिए इन्सॉल्वेंसी बैंकरप्टसी कोड (आई.बी.सी.) फ्रेमवर्क पर आशा एवं उम्मीद से देख रहे हैं। यद्यपि विभिन्न एन.सी.एल.टी. बेंचों के द्वारा 500 से अधिक इन्सॉल्वेंसी मामले स्वीकार किये गये हैं, परन्तु ज्यादातर मामलों में समाधान होना अभी बाकी है। यहाँ यह उल्लिखित करना प्रासंगिक होगा कि आई.बी.सी. के अंतर्गत समाधान न केवल बैंकों के लिए महत्वपूर्ण है परन्तु पूरी अर्थव्यवस्था में ऋण प्रवाह तथा आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

8. पी.एस.यू. बैंकों के बैलेंस शीट को मजबूत करने के लिए तथा पूँजी पर्याप्तता के विनियामकीय नियमों को पूरा करने के लिए सरकार के द्वारा घोषित रु.2.11 लाख का री-कैपीटलाइजेशन पैकेज भरोसा दिलाने वाला तथा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा है। परन्तु पूँजी प्रदान करने के साथ-साथ बैंकों को विभिन्न सुधार उपाय लागू करने के लिए कहा गया है जिसे इन्हान्स्ड एक्सेस एण्ड सर्विस एक्सेलेन्स (ई.ए.एस.ई.) नाम दिया गया है जिसमें बेहतर ग्राहक सेवाएं, त्वरित गति से डिजिटलीकरण, ऋण मूल्यांकन को मजबूत करना, ऋण निगरानी प्रणाली, ऋण को प्रदान करने की प्रक्रिया में सुधार तथा एमएसएमई क्षेत्र को ऋण प्रवाह शामिल है।

9. भविष्य में, बैंकिंग क्षेत्र को आकार देने में विभिन्न कारक भूमिका अदा करेगें। डिजिटाइजेशन इनमें से एक महत्वपूर्ण कारक है जिसके माध्यम से बैंक न केवल अपनी पहुंच और उपयुक्तता/उत्कृष्टता बढ़ाएगें बल्कि, यह परिष्कृत परिचालन दक्षता और ग्राहक आधार में विस्तार के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक बढत भी सिद्ध होगा। तथापि, डिजिटलीकरण विशुद्ध अनुग्रह मात्र नहीं है, डिजिटलीकरण की सफलता के लिए साइबर सुरक्षा उपाय अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं।

10. इसी प्रकार, बैंकिंग में विशेषत: रिटेल/वाणिज्यिक उधार और भुगतान के क्षेत्र में फिनटेक (fintech) की पैठ तेजी से बढ़ रही है और फिनटेक कंपनियों और बैंकों के मध्य यह साझेदारी दोनों के लिए फायदे का सौदा हो सकता है। फिनटेक के माध्यम से बैंक नवोन्मेषी और विशिष्ट उत्पाद प्रदान कर सकते हैं, बड़े कारोबारी लेन-देन सृजित कर सकते हैं और सेवा प्रदान करने की समय सीमा (Turn–around-time) (TAT) घटा सकते हैं।

5. There have been occasions for cheers for India. The country improved its ranking by 30 notches to secure 100th place among 190 countries in "Ease of doing Business". All of us also felt delighted, when Moody's Investors Services upgraded the Government of India's local and foreign currency issuer ratings to Baa2 from Baa3 and changed the outlook on the rating to stable from positive, which happened after a long 13 years, although we feel it was a delayed recognition of our county's credit standing.

6. In the Banking and Financial sphere, there was a pressure on asset quality and capital requirement and Banks earnings were affected due to rising yield, although credit growth during the year remained somewhat decent. The bad debt provisioning has taken a heavy toll in terms of net loss posted by almost all the Public sector banks during the year FY 2017-18.

7. The recognition and resolution of NPAs, of course, have remained at the centre stage for Indian Banks for quite a couple of years. All of us are now pinning hope on the Insolvency Bankruptcy Code (IBC) framework for resolution of mounting NPAs, especially of corporate ones. Although more than 500 corporate insolvency cases have been admitted by various NCLT benches, resolution in majority cases is yet to happen. It is quite pertinent to mention that, resolution under IBC is not only crucial for banks, but also critical for the economy as a whole for augmenting credit flow and supporting economic growth.

8. The re-capitalization package of Rs.2.11 lakh crore announced by the Government to strengthen the balance sheet of the PSU banks and enable them to fulfill the regulatory norms for capital adequacy has been quite re-assuring and confidence boosting. However, along with capital infusion, the banks have been advised to implement various reform measures under six broad agenda called Enhanced Access and Service Excellence (EASE) including better customer services, fast paced digitization, strengthening credit appraisal, credit monitoring system, improving credit delivery and credit flow to MSME sector.

9. Going forward, banking space will be shaped by a host of factors. Digitisation is one of the prominent factors, through which banks would not only extend their outreach and convenience/excellence in services, but also it will prove to be a competitive advantage through enhanced operational efficiency and expansion of customer base. However, digitalization is not entirely an unmixed blessing. Crucial to the success of digitization is strengthening of cyber security measures.

10. Similarly, the penetration of Fintech in Banking especially retail/commercial lending and payment space is fast progressing and partnership between the Fintech companies and banks can be a win win situation for both. Through Fintech, banks can provide innovative and niche products, generate large business transactions, can be able to reduce delivery in turn-around-time (TAT).

11. अन्त में, नवीनतम आर्थिक पूर्वानुमान एक अच्छी खबर है और वित्त वर्ष 2018-19 के लिए आशा की एक किरण उजागर करती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF), ने अपने नवीनतम वैश्विक आर्थिक समीक्षा में वर्ष 2018 और 2019 में मजबूत वैश्विक वृद्धि 2018 और 2019 में का अनुमान लगाया है। आईएमएफ के साथ-साथ आरबीआई दोनों ने वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान लगभग 7.4% की उच्चतर घरेलू वृद्धि दर रहने का अनुमान लगाया है। यह उत्साहवर्धक आर्थिक वृद्धि न केवल ऋण की मांग को और अधिक बढ़ाएगी बल्कि यह ऋण चुकौती के लिए भी सहायक होगी और इस प्रकार ऋण बकाया में कमी होगी। वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान आईबीसी के अंतर्गत बड़े दाबावग्रस्त कॉरपोरेट खातों की समाधान प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है और उनके समाधान से वृद्धि की संभावना बढ़ेगी। सरकार से प्राप्त पूंजी सहयोग और सुधार उपायों के क्रियान्वयन से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आने वाले वर्षों में और अधिक शक्तिशाली, स्वस्थ और प्रगति उन्मुख बैंक बनाने की ओर अग्रसर हैं।

(जी. पद्मनाभन)

11. Lastly, the latest economic forecast augurs well and brings in optimism for FY 2018-19. The IMF, in its latest World Economic Review, has projected the strengthening of global growth through 2018 and 2019. Both the IMF as well as RBI have also projected higher domestic growth rate of around 7.4% during FY 2018-19. The encouraging economic growth will not only further activate credit demand, but also it will be conducive for credit repayment and thus reduce delinquency. The resolution of large stressed corporate accounts which are being processed under IBC is likely to be expedited during FY 2018-19 and their resolution will create space for growth. With the capital support from the Government and implementation of reform measures, public sector banks are now poised to transform themselves into stronger, healthier yet growth oriented banks in coming years.

(G. Padmanabhan)

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वक्तव्य

Managing Director & CEO's Statement

प्रिय शेयरधारकों और हितधारकों,

1. सबसे पहले मैं आप सब का आपके बैंक की 22वीं वार्षिक आम बैठक में हार्दिक स्वागत करता हूँ। मुझे प्रसन्नता है, कि मुझे दूसरी बार आपको संबोधित करने का अवसर मिला है और मैं आप सब का आभारी हूँ कि इस चुनौतीपूर्ण समय में मुझे आप सब का पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ है। 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए आपके बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता है।

2. वर्ष 2017-18 वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही उत्साहजनक वर्ष रहा है, जिसमें विकसित एवं उभरती हुई दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रगति हुई है। वैश्विक व्यापार में निवेश वसूली एवं पुनरूत्थान से इस वृद्धि को व्यापक आधार मिला है। इस वैश्विक वृद्धि को दिसंबर 2017 में यू.एस. द्वारा शुरू किए गए वित्तीय उत्प्रेरक उपायों एवं कर सुधार के कारण भी प्रोत्साहन मिला है। दूसरी ओर अर्थव्यवस्था में सतत उत्साह की स्थिति ने फेडरल रिजर्व और कई अन्य केन्द्रीय बैंकों को ब्याज दर बढ़ाने एवं ईज़ी मनी उपायों को धीरे धीरे हटाने को प्रोत्साहित किया। घरेलू स्तर पर अनेक नीतिगत सुधार शुरू किए गए। जुलाई 2017 में वस्तु एवं सेवा कर (GST) शुरू किया गया। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता के अंतर्गत बड़े खातों का समाधान शुरू किया गया। भारत विविध सुधारात्मक उपायों के कारण विश्व बैंक की आसानी से कारोबार करने वाली श्रेणी में 30 स्थानों का सुधार कर 100वें स्थान पर पहुँचा। तथापि आर्थिक घरेलू वृद्धि, गत वर्ष 7.1% की तुलना में 6.7% रही जिसका कारण था, कृषि वृद्धि (6.3% की तुलना में 3.4%) एवं विनिर्माण क्षेत्र (गत वर्ष के 7.9% की तुलना में 5.7%) दोनों में कम वृद्धि। घरेलू वृद्धि को, विमुद्रीकरण की शीघ्रावधि प्रभाव और जीएसटी लागू करने की वजह से आर्थिक गतिविधियों में अस्थायी अवरोधों ने काफी हद तक प्रभावित किया।

3. घरेलू स्तर पर वृद्धि एक सीमा तक विमुद्रीकरण के कारण पिछड़ी और GST के लागू करने के कारण अस्थायी रूप से आर्थिक तौर पर प्रभावित हुई । बैंकिंग प्रणाली में वर्ष 2016-17 के ऋणवृद्धि के दौरान 8.2% की ऋण वृद्धि की तुलना

Dear Shareholders & Stakeholders,

1. At the very outset, I extend a very warm welcome to each one of you to the 22nd Annual General Meeting of your Bank. I am privileged enough to address you for the second time and am thankful to you all for placing your unstinted support in this challenging times. I have great pleasure in placing before you the Annual Report of your Bank for the year ended March 31, 2018.

2. The year 2017-18, has been a very fulfilling year for the global economy with upswing in world output continuing both in developed and emerging economies. The world output growth has strengthened in 2017 to 3.8%. The growth has been broad based supported by investment recovery and resurgence in global trade. The impetus for global growth also came from the tax reforms and fiscal stimulus measures introduced by US in December, 2017. On the other hand, continued buoyancy in economy has prompted Federal Reserve and several other Central Banks to raise the interest rates and initiate gradual withdrawal of the monetary easing measures. Domestically, a slew of policy reforms were initiated. The Goods and Service Tax (GST) was introduced in July, 2017. Resolutions of large accounts under Insolvency and Bankruptcy Code were initiated by the RBI. Because of various reforms measures, India improved its position by 30 places by moving onto 100th place on the World Bank's ranking of Ease of Doing Business. However, domestic economic growth remained muted at 6.7% against 7.1% witnessed last year because of lower growth in both agriculture (3.4% against 6.3%) and manufacturing sector (5.7% against 7.9% of last year). The domestic growth, to a major extent, was impacted by the lingering effect of demonetisation and temporary dislocation of economic activities due to introduction of GST.

3. The Banking System witnessed healthy credit growth during FY 2017-18 at 10.3% against 8.2% during FY 2016-17. The

में वर्ष 2017-18 में 10.3% की उत्साहजनक वृद्धि हुई। जमाराशियों में वृद्धि वित्त वर्ष 2016-17 के 15.3% की तुलना में कम होकर 6.7% रहीं।

4. वर्ष के दौरान, सरकार और आरबीआई ने कई नीतिगत घोषणाएं की हैं जिनका बैंकिंग क्षेत्र पर व्यापक एवं महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों हेतु रु.2.11 लाख करोड़ के पुन:पूंजीकरण की योजना बनाई, जिससे बैंकों को बहुत राहत मिली, पुन:पूंजीकरण के साथ-साथ, सरकार ने 'इन्हान्स्ड ऐक्सेस एण्ड सर्विस एक्सलेन्स'(EASE) नामक बैंकिंग सुधार (reforms) उपाय शुरू किया है, जो बैंकों को और अधिक ग्राहक-उन्मुख, प्रतिस्पर्धी और आंतरिक रूप से सुदृढ़ बनाएगा और बैंकिंग क्षेत्र के भविष्य की रूपरेखा निर्धारित करेगा। आरबीआई ने बैंकिंग क्षेत्र पर दबाव के प्रभाव को कम करने हेतु कुछ उपाय किए हैं जैसे- भारतीय लेखांकन मानक (Indian Accounting Standards) को एक वर्ष के लिए स्थगित करना, एमएसएमई को बकाया भुगतानों पर छ: महीने की ऋण-स्थगन अवधि की अनुमति प्रदान करना, प्राथमिकता क्षेत्र में शामिल करने हेतु एमएसएमई क्षेत्र हेतु निर्धारित सीमाएं हटाना, एमटीएम प्रावधानों को चार तिमाहियों में बांटने (spread) हेतु बैंकों को अनुमति देना आदि। पिछले महीनों में दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता में कई संशोधन किए गये हैं जिनसे एनसीएलटी के तहत मामलों का समाधान करने की प्रक्रिया सुगम हो जाएगी। आरबीआई अधिसूचना दिनांक 12.02.2018 एक ऐसा महत्वपूर्ण विनियामक परिवर्तन है जिसका, कम-से-कम लघु अवधि में, बैंकों के तुलन पत्र एवं लाभ-हानि खाते पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, हालांकि भारत में सुदृढ़ ऋण-संस्कृति विकसित करने की दृष्टि से इससे दीर्घावधि लाभ मिलेगा।

5. वर्ष 2017-18, कई मामलों में भारतीय बैंकों के लिए उथल-पुथलपूर्ण रहा। आरबीआई ने बैंकों को यह अधिदेशित किया कि वे आईबीसी के तहत, बड़े एनपीए खातों का समाधान करें। प्रारम्भ में 12 बड़े चूककर्ता उधारकर्ताओं के लिए यह समाधान करना है जिनका सकल एनपीए में कुल बैंकिंग सिस्टम का 25% हिस्सा है। बाद में 29 बड़े खातों का समाधान किया जाए। इसके अलावा, सरकारी प्रतिभूतियों एवं बॉण्ड्स का प्रतिफल वर्ष के अधिकांश भाग हेतु 8.0% के आसपास रहा, जिसके फलस्वरूप बैंकों की गैर-ब्याज आय तो प्रभावित हुई है, साथ में इस वजह से उच्चतर एमटीएम प्रावधान भी करना पड़ा। पीएनबी द्वारा जारी वचन पत्र (LoU) के मामले में लगभग रु.13,000 करोड़ के धोखाधड़ीपूर्ण संव्यवहारों से पूरे बैंकिंग उद्योग का संतुलन बिगड़ गया।

6. उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में, आपके समक्ष वर्ष के दौरान आपके बैंक द्वारा किए गए महत्वपूर्ण पहल और वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं प्रस्तुत करता हूँ।

7. **बैंक का कार्यनिष्पादन**

- संभाव्यताओं का दोहन करने के लिए आपके बैंक ने वर्ष 2017-18 के दौरान अनेक नई पहल की। जिनमें **"प्रोजेक्ट कनेक्ट-संपर्क"** के अंतर्गत व्यवसाय विकास तथा आस्ति गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए क्षेत्र प्रबंधकों की तैनाती करना तथा सभी विशिष्ट ग्राहकों के लिए **"स्टार प्राइम"** की अवधारणा शामिल है।
- विकास की संभावना वाले केन्द्रों पर व्यवसाय को प्राप्त करने के लिए **"स्टार प्वाइंट"** नाम से (731) व्यवसाय प्रतिनिधि आधारित आउटलेट खोले गये हैं। ग्राहकों को उत्कृष्ट डिजिटलीकृत बैंकिंग सेवा देने के लिए 113 शाखाओं को **स्टार डिजी शाखाओं** के रूप में पुन: डिजाइन किया गया है।
- आपके बैंक की आई.टी. क्षमता को मजबूत किया जा रहा है तथा इसके लिए **"स्टार महाशक्ति"** परियोजना को आरंभ किया गया है। यह बैंक के आइटी बेस को अपग्रेड करेगा तथा कोर बैंकिंग समाधान को अगले स्तर पर ले जायेगा।
- **"आमंत्रण"** नामक विशेष कासा अभियान आयोजित किया गया जिसमें "GABHI" खातों (सरकार, संघ/क्लब/सोसाइटियों, कारोबारी ग्राहकों, उच्च निवल आय व्यक्तियों तथा गैर-निवासी भारतीयों एवं संस्थाओं) पर विशेष ध्यान दिया गया।

deposits growth, however, remained subdued with growth rate of 6.7% against 15.3% during FY 2016-17.

4. During the year, several policy pronouncements were made by the Government and the RBI and some of them have far reaching implications for the banking sector. The Government came out with recapitalization of public sector banks to the tune of Rs.2.11 lakh crore, which has come as a great relief for banks. Along with recapitalization, the Government has also introduced Banking Reforms measures called - Enhanced Access and Service Excellence (EASE), which will define future contours of Banking Sector, by making banks more customer oriented, more competitive, yet internally strong. Some of the RBI measures which has lessened the impact of stress on banking sectors are :- deferring Indian Accounting Standards norm by one year, allowing six months moratorium to specified categories of MSMEs on overdue payments, removing limits stipulated for MSME sector for inclusion in priority sector, allowing banks to spread over MTM provisions over four quarters. For last six months, we have seen a host of facilitating amendments to the Insolvency and Bankruptcy Codes, which will ease the process of resolution of cases under NCLT. One of the significant regulatory changes which have significant impact on banks' balance sheet and P&L, at least in short term, is of course RBI's notification of February 12, 2018, although it will have long term benefits for developing a sound credit culture in India.

5. The year 2017-18 has also been a tumultuous year for Indian banks on several counts. The RBI mandated banks for resolution of large NPA accounts under IBC, initially for 12 large defaulting borrowers accounting for 25% of the Gross NPAs of banking system and later 29 large accounts. Secondly, the G-sec and bond yields for most part of the year remained elevated almost touching 8.0%, thus not only impacting the non-interest income of banks, but also entailing upon higher MTM provisions. The entire banking Industry was rocked with around Rs.13,000 crore fraudulent transactions in case of Letter of Undertaking issued by PNB.

6. Against the above backdrop, let me present before you the major initiatives taken by your bank during the year as well as the highlights of the Bank's performance during FY 2017-18.

7. **BANK'S PERFORMANCE**

- Your Bank, during 2017-18, embarked upon several new initiatives for unlocking the potential. Among them were concept of **"Project Connect- Sampark"** with posting of Area Managers at the grass root level to take care of business development and assets quality and concept of **"Star Prime"** for all Prime Clients.
- For tapping the business of potential Growth Centres, Business Correspondent based outlets called **Star Points** (731) have been opened. For offering high end digitalized banking services to customers, 113 branches have been redesigned as **Star Digi Branches**.
- The IT capability of your Bank is being strengthened and for this, project **'Star Mahashakti'** has been launched, which will upgrade the IT base of the Bank to the next level of Core Banking Solution.
- Special CASA campaigns **"Amantran"** were organized with special focus on **"GABHI"** accounts (Government, Associations/ Clubs/ Societies, Business Clients, HNIs / NRIs and Institutions).

- स्वर्ण ऋण खण्ड में बैंक की पहुँच को बढ़ाने के लिए "**स्वर्ण धारा**"नामक नई योजना आरंभ की गयी।
- एनपीए के त्वरित समाधान के लिए "**मिशन समाधान**" नामक योजना आरंभ की गयी है जो गैर-विभेदकारी तथा गैर-पक्षपाती है।
- वर्ष 2017-18 में समेकन एवं पूंजी संरक्षण बैंक की स्थिति को मजबूती प्रदान करने हेतु प्रमुख निर्देशक रहे हैं। तुलनात्मक रूप से जहाँ मार्जिन/प्रतिफल अधिक है, उन स्थानों को संसाधन प्रदान करने के विचार से बैंक ने विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय व्यवसाय का समेकन किया है। 2017-18 में पूरे साल पूरी तरह से अभियान मोड में रहकर आपके बैंक ने निरन्तर एनपीए की वसूली, रिटेल ऋण की वृद्धि तथा कासा को प्राप्त करने का अनवरत प्रयास किया है। वर्ष के दौरान बैंक की कुछ उपलब्धियों को मैं रेखांकित करूंगा।
- यथा 31 मार्च 2018 आपके बैंक का वैश्विक व्यवसाय रु.8,96,850 करोड़ रहा। बैंक का वैश्विक जमा रु.5,20,854 करोड़ तथा वैश्विक सकल अग्रिम रु.3,75,995 करोड़ रहा।
- आपके बैंक का कासा अनुपात बेहतर होकर मार्च 2017 के 39.84% की तुलना में मार्च 2018 में 41.43% हो गया। बैंक के द्वारा की गयी विभिन्न पहलों के कारण कासा का स्तर मार्च 2017 के रु.1,66,608 करोड़ से बढ़कर मार्च 2018 में रु.1,72,787 करोड़ हो गया।
- बैंक अपने अग्रिम पोर्टफोलियो को संतुलित करने के पथ पर है तथा इसके लिए इसने विचारपूर्वक जोखिम का विविधीकरण, पूँजी का संरक्षण तथा ज्यादा प्रतिफल की संभावना को ध्यान में रखा है। फलस्वरूप, आरएएम अग्रिम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) में यथा 31 मार्च, 2017 में रु.1,37,156 करोड़ से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2018 में रु.1,50,924 करोड़ हुये हैं एवं अग्रिमों में इनकी हिस्सेदारी मार्च 2017 में 48.00% से बढ़कर मार्च 2018 में 51.42% हुई है। इनमें से, रिटेल अग्रिम यथा 31 मार्च, 2018 को 19.25% वृद्धि के साथ रु. 47,817 करोड़ पर पहुंच गए।
- आपके बैंक ने प्राथमिक क्षेत्र अग्रिमों के संबंध में विनियामक मानदण्डों को प्राप्त किया है। प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम रु.1,21,691 करोड़ रहा, जो कि एएनबीसी का 40.80% है। इस प्रकार कम ब्याज सहित आरआईडीएफ में जबरन निवेश करने से बैंक बच गया। कृषि अग्रिम रु.51,938 करोड़ रहा, जो एएनबीसी का 18.58% था।
- सकल एनपीए अनुपात दिसंबर 2017 (जब आरबीआई ने पीसीए प्रस्तावित किया) के 16.93% की तुलना में बेहतर होकर मार्च 2018 में 16.58% हुआ है। उसी प्रकार, आरबीआई द्वारा एनपीए के रूप में डाउनग्रेड किए गए एसबीएलसी के समक्ष रु. 9000 करोड़ के ऋणों की जोरदार वसूली के कारण निवल एनपीए अनुपात को दिसंबर में 10.29% से घटकर मार्च, 2018 में 8.26% हुआ है।
- प्रावधान कवरेज अनुपात में क्रमिक एवं वर्ष-दर-वर्ष दोनों आधार पर सुधार हुआ। इसमें मार्च, 2017 में 61.47% एवं दिसंबर 2017 में 56.96% से मार्च 2018 में 65.85% का सुधार हुआ है।
- जमा लागत एवं निधि लागत दोनों को कम किया गया है। घरेलू जमाओं की लागत जो मार्च, 2017 के 6.04% थी से घटाकर मार्च, 2018 में 5.52% कर दिया गया है एवं उसी अवधि के दौरान निधि लागत को 5.48% से घटाकर 5.09% किया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 में आपके बैंक का परिचालन लाभ रु.7,139 करोड़ एवं निवल लाभ (-) रु.6,044 करोड़ है। वर्ष के दौरान अन्य सभी बैंकों के मामले में बैंक का लाभ नए विनियामक मानदण्डों के अनुवर्ती अतिरिक्त एनपीए प्रावधानों एवं न्यून कोषागार आय एवं एमटीएम प्रावधानों के कारण भी प्रभावित हुआ है।

- For larger penetration of the Bank into the Gold Loan segment, a special scheme **"Swarna Dhara"** was formulated.
- A non-discriminatory and non-discretionary OTS Scheme called **"Mission Samaadhan"** was formulated for quick resolution of NPAs.
- Consolidation and Capital Conservation has been the guiding force for the Bank for FY 2017-18. Particularly, the Bank went for a consolidation of international business, with a view to allocate resources to the avenues where margin/returns are relatively higher. Your Bank also relentlessly strived for Recovery of NPAs, expansion of Retail Credit and augmentation of CASA in a virtually campaign mode throughout the year 2017-18. I will highlight some of the achievements by the Bank during the year.
- Your Bank's Global Business stood at Rs.8,96,850 crore as on March 31, 2018. The Global Deposits of the Bank stood at Rs.5,20,854 crore and Global Gross Advances at Rs.3,75,995 crore.
- The CASA ratio of your Bank improved from 39.84% in March, 2017 to 41.43% in March, 2018. The CASA level moved up from Rs.1,66,608 crore in March, 2017 to Rs.1,72,787 crore in March, 2018 as a result of various initiatives taken by the Bank.
- The Bank, as a conscious decision for diversification of risks, capital conservation and prospects of higher returns, has been on a path of rebalancing of advances portfolio. As a result, the RAM Advances (Retail, Agriculture and MSME) increased from Rs.1,37,156 crore as on March 31,2017 to Rs.1,50,924 crore as on March 31, 2018 and its share in Advances increased from 48.00% in March 2017 to 51.42% in March 2018. Among these, the Retail Advances posted a 19.25% growth to reach Rs.47,817 crore as on March 31, 2018.
- Your Bank has achieved the regulatory norms with regard to the Priority Sector Advances, which stood at Rs.1,21,691 crore constituting 40.80% of ANBC and thereby avoiding forced investment in RIDF with very low interest. Agriculture advances were Rs.51,938 crore forming 18.58% of ANBC.
- The Gross NPA ratio improved sequentially from 16.93% in December, 2017 (When RBI proposed PCA) to 16.58% in March 2018. Similarly, the net NPA ratio declined from 10.29% in December, 2017 to 8.26% in March, 2018 by aggressively recovering Rs.9,000 crore loan against SBLC which were downgraded as NPA by RBI.
- Provision Coverage Ratio improved, both sequentially as well as on y-o-y basis. From 61.47% in March, 2017 and 56.96% in December 2017, it has improved to 65.85% in March 2018.
- Both the cost of deposits and cost of funds have been brought down. The domestic cost of deposits has been brought down from 6.04% in March, 2017 to 5.52% in March, 2018 and cost of funds has been curtailed from 5.48% to 5.09% during the same period.
- Your Bank's Operating Profit stood at Rs.7,139 crore and Net Profit at (-) Rs. 6,044 crore in FY 2017-18. The Bank's profits, as in case of all other banks during the year, has been impacted by additional NPA provisions consequent to the new regulatory norms and also because of lower treasury income and MTM provisions.

- विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन उपायों के माध्यम से, हम जोखिम भारित आस्तियों में वर्ष के दौरान लगभग रु.30,000 करोड़ की कमी करने में सफल रहे हैं। मार्च, 2017 में रु.3,46,611 करोड़ से मार्च, 2018 में रु.3,17,546 करोड़ हुआ है जिससे हमें पूंजी संरक्षण एवं टियर I पूंजी में सुधार करने में सहायता मिली।
- सीआरएआर (बेसल III) दिसंबर, 2017 में 12.05% एवं मार्च, 2017 में 12.14% से सुधरकर मार्च, 2018 में 12.94% हुआ है। सीईटी-1 अनुपात 7.87% रहा, जो मार्च, 2017 में 7.17% के सीईटी-1 अनुपात से ज्यादा था। वर्ष के दौरान, भारत सरकार ने रु. 9,232 करोड़ की पूंजी लगाई है।
- आपके बैंक के ग्राहक आधार में निरंतर वृद्धि हुई है। ग्राहकों की संख्या में मार्च, 2017 के 101 मिलियन से बढ़कर मार्च, 2018 में 109 मिलियन हुई है।
- बैंक द्वारा आईटी के क्षेत्र में उठाये गये विभिन्न कदमों के फलस्वरूप इंटरनेट बैंकिंग, कार्ड उत्पाद और पीओएस मशीनों का प्रयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। मार्च 2017 में 41 लाख की तुलना में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या बढ़कर 52 लाख हो गई है। मार्च 2017 की तुलना में मार्च 2018 में डेबिट कार्ड के ग्राहकों की संख्या में 14.8% वृद्धि हुई है और पीओएस प्रयोगकर्ता ग्राहक 6078 से बढ़कर 91,936 हो गये हैं। इस प्रकार के डिजिटीकरण संबंधी उपाय कासा की वृद्धि में तेजी लाएंगे और साथ ही बैंक की गैर-ब्याज आय में वृद्धि करेंगे।
- वर्ष के दौरान आरबीआई द्वारा आयोजित अपने जोखिम आधारित पर्यवेक्षण में रु.14,057 करोड़ की आस्तियों को एनपीए के रूप में वर्गीकृत करने का अधिदेश दिया गया जिनमें से लगभग 70% अन्य बैंकों द्वारा जारी आपाती साख पत्र (SBLC) पर बैंक द्वारा दिया गया कर्ज है। मुझे प्रसन्नता है कि बैंक द्वारा एसबीएलसी पर दिये गये कुल रु.9766 करोड़ के अग्रिमों में से रु.9239 करोड़ पहले ही वसूल किये जा चुके हैं। आस्तियों के पुनर्वर्गीकरण के परिणाम स्वरूप आरबीआई द्वारा बैंक को दिसबंर, 2017 में पीसीए फ्रेमवर्क के अधीन डाला गया था। तथापि, मैं समस्त हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि आपका बैंक स्वाभाविक रूप से ही एक शक्तिशाली बैंक है और बैंक को न्यूनतम संभव समय में पीसीए से बाहर लाने के लिए समुचित उपाय और कार्रवाई की जा रही है।

8. मैं आपके बैंक के निदेशक मंडल के सभी निदेशकों, जिनमें वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान पद से निवृत्त हुए निदेशक, यथा श्री मेल्विन रेगो, एमडी व सीईओ, श्री आर.ए. शंकर नारायणन, कार्यपालक निदेशक, श्री नीरज भाटिया, शेयरधारक निदेशक, श्री संजीव कुमार, शेयरधारक निदेशक शामिल हैं; के बहुमूल्य योगदान हेतु उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ। बैंक भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी और अन्य विनियामक प्राधिकरणों को भी उनके उत्तम सहयोग तथा मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद करता है। मैं बैंक की ओर से और अपनी ओर से अपने कारोबारी सहयोगियों, ग्राहकों शेयर धारकों और हितधारकों, वित्तीय संस्थाओं और प्रतिनिधि बैंकों के हमारे प्रति विश्वास, भरोसे एवं सहयोग हेतु उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं और उनके सतत संरक्षण, मार्गदर्शन एवं सहयोग की कामना करता हूं। अंत में मैं अपने प्रतिबद्ध स्टाफ सदस्यों के ईमानदार और निष्ठापूर्ण प्रयासों की सराहना करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित,

(दीनबंधु मोहापात्रा)

- Through prudent risk management measures, we have been able to prune Risk Weighted Assets by around Rs.30,000 crore during the year, from Rs.3,46,611 crore in March, 2017 to Rs.3,17,546 crore in March, 2018 helping us in capital conservation and improving Tier I position.
- The CRAR (Basel III) improved to 12.94% in March, 2018 against 12.05% in December, 2017 and 12.14% in March, 2017. The CET-I ratio stood at 7.87%, which is higher than the CET-I ratio of 7.17% in March, 2017. During the year, the Government of India infused Capital to the extent of Rs. 9232 crore.
- There has been continuous rise in the customer base of your Bank. The number of customers has increased from 101 million in March 2017 to 109 million in March, 2018.
- As a result of various IT initiatives taken by the Bank, the number of customers using Internet Banking, card products and the POS machines base have witnessed sharp rise. The internet customer base has increased to 52 lakh from 41 lakh in March 2017. The debit card customers have increased by 14.8% and POS customers base has increased from 6078 in March, 2017 to 91,936 in March, 2018. These digitization measures will give a fillip to CASA growth as also add to Bank's Non-Interest Income.
- The RBI, in their Risk Based Supervision conducted during the year, mandated to classify Rs.14,057 crore assets as NPAs, out of which, about 70% was the Bank's lending against Stand by Letter of Credit (SBLC) issued by other Banks. I am happy to inform that the Bank has already recovered Rs. 9,239 crore out of total Rs.9,766 crore advances against SBLCs. The Bank, consequent to the re-classification of Assets, was also put under the PCA framework by the RBI in December, 2017. However, I assure all the stake holders that, your bank is an inherently strong bank and appropriate measures and actions are being taken to bring the Bank out of PCA within the shortest possible time.

8. I wish to place on record the valuable contribution made by the directors of your Bank's Board including those who have demitted office during FY 2017-2018 viz. Shri Melwyn Rego, MD & CEO, Shri R.A. Sankara Narayanan, Executive Director, Shri Neeraj Bhatia, Shareholders' Director, Shri Sanjiv Kumar Arora, Shareholder's Director. The Bank also thanks the Government of India, Reserve Bank of India, SEBI and other regulatory authorities, who have provided excellent support and valuable guidance. On behalf of the Bank and on my personal behalf I would like to thank our Business Associates, Customers, Shareholders and Stakeholders, Financial Institutions and Correspondent Banks for their trust, faith and active association and look forward to their continued patronage, guidance and support. Last, but not the least, I also place on record my appreciation for the sincere and unstinted efforts put in by our committed staff members.

With warm regards,

(Dinabandhu Mohapatra)

निदेशक रिपोर्ट

निदेशक मण्डल 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखा विवरण एवं नकद प्रवाह विवरण सहर्ष प्रस्तुत करते हैं।

कार्यनिष्पादन

घरेलू कारोबार

- बैंक का समग्र घरेलू कारोबार 0.78% वृद्धि के साथ 31 मार्च 2017 को रु.709,183 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2018 को रु.714,712 करोड़ हो गया।
- कासा जमाराशियां वर्ष-दर-वर्ष 3.71% वृद्धि के साथ रु.172,787 करोड़ पर रही, एसबी जमाराशियों में 2.86% की वृद्धि हुई और सीडी जमाराशियों में 8.86% की वृद्धि हुई। घरेलू जमाराशियों में कम लागत की जमाराशियों की हिस्सेदारी यथा 31.03.2017 को 39.84% से सुधरकर यथा 31.03.2018 को 41.43% हो गई।
- कुल जमाराशियां 0.53% घटकर रु.421,211 करोड़ पर रही।
- अग्रिम, 2.72% वृद्धि के साथ रु.285,725 करोड़ से बढ़कर रु.293,500 करोड़ को गए।
- प्राथमिकता क्षेत्र उधार, समायोजित निवल बैंक ऋण का 40.80% था और समायोजित निवल बैंक ऋण में कृषि ऋण की हिस्सेदारी 18.58% थी।
- रिटेल ऋण 19.25% वृद्धि के साथ रु.40,098 करोड़ से बढ़कर रु.47,817 करोड़ हो गए।

विदेशी कारोबार :

- विदेशी कारोबार में 18.92% की कमी दर्ज की गयी और यथा 31.03.2017 को रु. 224,637 करोड़ की तुलना में यह यथा 31.03.2018 को रु. 182,138 करोड़ रहा।

वैश्विक कारोबार :

- बैंक का वैश्विक कारोबार जो यथा 31 मार्च, 2017 को रु.933,820 करोड़ था यथा 31 मार्च 2018 को रु.8,96,850 करोड़ पर रहा। कारोबार स्तर में 3.96% की यह गिरावट, अपने विदेशी एक्सपोज़र के युक्तिकरण के बैंक के सचेत निर्णय का परिणाम था।
- कुल जमाराशियां 3.55% गिरावट के साथ रु.520,854 करोड़ पर रही।
- अग्रिम, 4.52% गिरावट के साथ रु.375.995 करोड़ पर रहे।

वित्तीय मानदण्ड :

- परिचालन लाभ रु.7139 करोड़ और निवल हानि रु. 6044 करोड़।
- आरबीआई द्वारा निर्धारित मानक 10.875% (बासेल III के तहत) की तुलना में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 12.94% रहा।
- निवल मालियत मार्च 2017 की तुलना में 4.60% घटकर रु.18992 करोड़ पर रहा।
- प्रतिशेयर बही मूल्य रु. 108.91।
- सकल एनपीए अनुपात यथा 31.03.2018 को 16.58% रहा।
- निवल एनपीए अनुपात यथा 31.03.2018 को 8.26% रहा

वर्ष 2017-18 के लिए बैंक के वित्तीय कार्यनिष्पादन का संक्षेप नीचे दिया गया है।

(₹ करोड़ में)

विवरण	2016-17	2017-18	वृद्धि (%)
निवल ब्याज आय	11,826	10,506	-11.16
गैर-ब्याज आय	6,772	5,734	-15.34
परिचालन व्यय	8,866	9,101	2.65
परिचालन लाभ	9,733	7,139	-26.65
प्रावधान / आकस्मिकताएं	11,291	13,183	16.75
निवल लाभ	-1,558	-6,044	
प्रति शेयर आय (₹)	-15.72	-52.55	
प्रति शेयर बही मूल्य (₹)	188.62	108.91	-42.26
इक्विटी पर प्रतिफल (%)	-7.78	-31.07	
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (%)	-0.24	-0.91	

प्रमुख वित्तीय अनुपात नीचे प्रस्तुत किए गए हैं

(प्रतिशत) (%)

मानदण्ड	2016-17	2017-18
अग्रिम पर प्रतिफल	7.98	7.15
निवेश पर प्रतिफल	7.58	7.25
निधियों पर प्रतिफल	6.41	6.16
जमा राशियों की लागत	4.84	4.58
निधियों की लागत	4.48	4.46
निवल ब्याज मार्जिन	2.20	1.92
परिचालन व्ययों की तुलना में गैर ब्याज आय	76.39	63.00
औसत कार्यशील निधि की तुलना में अन्य आय	1.03	0.86
औसत कार्यशील निधि की तुलना में परिचालन व्यय	1.45	1.47
औसत कार्यशील निधि की तुलना में स्टाफ व्यय	0.88	0.79
औसत कार्यशील निधि की तुलना में अन्य परिचालन व्यय	0.57	0.68
आस्ति उपयोग अनुपात	1.59	1.16
कुल आय की तुलना में गैर-ब्याज आय	14.70	13.09
निवल आय की तुलना में गैर-ब्याज आय	36.41	35.31
आय की तुलना में लागत अनुपात	47.67	56.04

पूँजी

वर्ष के दौरान बैंक द्वारा भारत सरकार को रू. 10/- के प्रत्येक शेयर रू. 165.32 की कीमत पर 55,84,32,131 नये शेयर जारी करके 9232 करोड़ जुटाये गये। बैंक ने बासेल III अनुपालक 8.79% अतिरिक्त टियर I बाण्ड्स भी रू. 500 करोड के लिये जारी किये।

बैंक द्वारा दिनांक 21.04.2018 को रेग्युलेटरी कॉल ऑप्शन का उपयोग कर अपने सभी अतिरिक्त टियर I बाण्ड्स (शृंखला 1 से 5) का रू.5500 करोड की कीमत पर मोचन किया गया।

पूँजी पर्याप्तता

- बासेल III फ्रेमवर्क के अनुरूप, बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 12.94% था, जो कि विनियामक अपेक्षा 10.875% की तुलना में उच्चतर है।
- पूंजी पर्याप्तता (बासेल II व III) का विवरण निम्नवत है :

(रु. करोड़ में)

विवरण	बासेल - III			
	31.03.2017		31.03.2018	
सीईटी 1 सीआरएआर	24858	7.17%	24993	7.87%
एटी 1 सीआरएआर	6008	1.73%	5905	1.86%
टियर - 1 पूँजी	30866	8.90%	30898	9.73%
टियर - 2 पूँजी	11216	3.24%	10199	3.21%
कुल पूँजी	42082	12.14%	41097	12.94%
जोखिम भारित आस्तियाँ	346611		317546	

कारोबार पहल:

चालू वर्ष के दौरान बैंक ने तुरंत टर्नाराउंड हेतु विभिन्न पहल कार्यान्वित किए हैं। इनमें से कुछ निम्नानुसार है:-

- ग्राहकों पर अधिक ध्यान केन्द्रित करने और कारोबार विकास, वसूली, निचले स्तर पर डिजिटैजेशन और शाखा में पुन: सक्रीयन हेतु क्षेत्र प्रबंधक और स्टार प्राइम अवधारणा का कार्यान्वयन किया गया।
- कासा, एनपीए वसूली और ऋण संवितरण में तेज़ी लाने हेतु "घर घर दस्तक" नामक मासिक अभियान का आयोजन किया जा रहा है।
- सरकार, कारोबारी सहयोगियों, एचएनआई और एनआरआई पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए "आमंत्रण" नामक विशेष कासा अभियान का आयोजन।
- आरएएम अग्रिमों (रिटेल, कृषि और एमएसएमई) के पक्ष में ऋण संविभाग को पुनर्व्यवस्थित करने और कॉरपोरेट क्षेत्र को हमारे एक्सपोज़र को कम करने हेतु कार्यनीति।
- एनपीए के त्वरित समाधान हेतु "मिशन समाधान" नामक भेद-भाव रहित ओटीएस (OTS) योजना तैयार की गई है।
- सभी वेतनमान-IV एवं V के नेतृत्वाधीन शाखाओं को सक्रिय करने हेतु "मिशन रॉकेट" की शुरूआत।
- "स्वर्ण धारा" – स्वर्ण ऋणों में तेज़ी लाई गई है।
- टेक्-सैवी ग्राहकों हेतु उच्च कोटी की डिजिलाइज़्ड सेवाओं सहित, चयनित शाखाओं को "स्टार डिजी" के रूप में नया रूप देना।
- बैंक की प्रौद्योगिकीय क्षमताओं को अगले उच्च स्तर तक लिए जाने हेतु आई. टी. पहल "स्टार महाशक्ति" का कार्यान्वयन।
- डिजिटैज़ेशन और इन्टरनेट बैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड, पीओएस मशीनें जैसे वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों पर विशेष ध्यान।
- डिजिटल ग्राम की अवधारणा को कार्यान्वित करने वाले अग्रणी बैंकों में से एक। अब तक 325 गाँवों को डिजिटल ग्राम के रूप में परिवर्तित किया गया है।
- हमारे आउटरीच कार्यक्रम में विस्तार करने हेतु कारोबार संपर्कियों (बीसी) के माध्यम से "स्टार पॉइन्ट्स" नामक 561 विकास केन्द्रों को सक्रिय करना।

पुरस्कार एवं सम्मान:

- पीएसयू बैंक वर्ग में इकॉनॉमिक टाइम्स द्वारा बैंक ऑफ़ इंडिया को दूसरा सबसे विश्वसनीय बैंक घोषित किया गया।
- एनएसई द्वारा बैंक ऑफ़ इंडिया को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में करेंसी डेरीवेटिव खण्ड में **"मार्केट अचीवर्स अवार्ड"** पुरस्कार से अलंकृत किया गया।
- बीएसई द्वारा बैंक ऑफ़ इंडिया को समस्त बैंकों के वर्ग में **"बेस्ट परफॉरमर इन करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट"** अवार्ड प्रदान किया गया।
- बड़े बैंकों के वर्ग में आईडीआरबीटी बैंकिंग टेक्नॉलजी एक्सीलेंस अवार्ड, आईटी ईकोसिस्टम प्रबंधन के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार।
- बड़े बैंकों के वर्ग में आइडीआरबीटी बैंकिंग टेक्नॉलजी एक्सीलेंस अवार्ड, इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के लिए सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार।
- प्रतिष्ठित ईटी नाउ (ET NOW) समूह द्वारा **"विश्व सीएसआर दिवस"** 2018 के उपलक्ष्य में "सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, दिव्यांगों के लिए रोज़गार को बढ़ावा देना और शिक्षा गुणवत्ता के क्षेत्र में सहयोग एवं सुधार" पुरस्कार प्रदान किया गया।
- थिंक बिजनेस बैंकिंग अवार्ड 2018 द्वारा बैंक ऑफ़ इंडिया को **"केन्या में सबसे दक्ष बैंक"** का पुरस्कार दिया गया।
- "भारतीय कारोबारी फोरम, यूगांडा" से 'बैंक ऑफ़ इंडिया - यूगांडा अनुषंगी' को "बेस्ट कंपनी कीपिंग इमेज हाई अवार्ड - 2018" प्राप्त हुआ।
- बैंक ऑफ़ इंडिया की गृह-पत्रिका तारांगण को मुंबई में प्रतिष्ठित "ABCI मैग्जीन ऑफ़ दि इयर आवार्ड 2017" प्राप्त हुआ।

निदेशक उत्तरदायित्व कथन :-

निदेशक पुष्टि करते हैं कि मार्च 31, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक खातों को तैयार करने में;

क) लागू लेखा मानकों का पालन किया गया और महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि कोई हो तो उसके लिए उचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ख) भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बनाई गई लेखांकन नीति का सदैव पालन किया गया है। उचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय एवं आकलन किए गए ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में बैंक की स्थिति के संबंध में तथा 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के लाभ हानि खाते के बारे में सही एवं उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके;

ग) बैंक की आस्तियों की सुरक्षा के लिए एवं धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने एवं उन्हें रोकने के लिए भारत में कार्यरत बैंकों पर लागू कानूनों के अनुरूप पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रखरखाव के लिए उचित एवं उपयुक्त सावधानी रखी जाती है;

घ) वार्षिक लेखा, निरन्तरता के आधार पर तैयार किए गए हैं;

ङ) बैंक द्वारा अनुसरण की जानेवाली आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली को स्थापित किया गया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी रूप से परिचालन में हैं;

च) समस्त लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था बनायी गयी है और यह सुनिश्चित किया गया है कि ऐसी व्यवस्था पर्याप्त है और प्रभावी रूप से परिचालन में है।

DIRECTOR'S REPORT

The Board of Directors have pleasure in presenting the Bank's Annual Report along with the audited statement of accounts and the cash flow statement for the year ended 31st March 2018.

Performance:

Domestic Business:

- Overall Domestic Business of the Bank increased by 0.78% reached at Rs. 714,712 crore as on 31.03.2018 from Rs. 709,183 crore as on 31.03.2017.
- CASA deposits increased by 3.71% on Y-O-Y and Stood at Rs. 172,787 crore, SB deposits grew by 2.86% and CD by 8.86%. Share of low cost deposits (CASA), in domestic deposits improved from 39.84% as on 31.03.2017 to 41.43% as on 31.03.2018.
- Total deposits decreased by 0.53% and stood at Rs. 421,211 crores.
- Advances registered a growth of 2.72% from Rs. 285,725 crores to Rs. 293,500 crores.
- Priority Sector lending constituted 40.80% of Adjusted Net Bank Credit and the share of Agricultural Credit to Adjusted Net Bank Credit was 18.58%.
- Retail Credit grew by 19.25% from Rs 40,098 crores to Rs 47,817 crores.

Overseas Business:

- Overseas business has de-grown by 18.92% and stood at Rs. 182,138 crore as on 31.03.2018 compared to Rs. 224,637 crore as on 31.03.2017.

Global Business:

- Global Business of the Bank stood at Rs.896,850 crore as on 31.03.2018 against Rs.933,820 crore as on 31.03.2017. The de-growth of 3.96% in business level has been as a result of conscious decision of the Bank to rationalise its overseas exposure.
- Total deposits decreased by 3.55% and stood at Rs. 520,854 crores.
- Advances decreased by 4.52% and stood at Rs. 375,995 crores.

Financial Parameters:

- Operating profit at Rs.7139 crores and Net loss at Rs.6044 crores.
- Capital Adequacy Ratio at 12.94% as against 10.875% prescribed by RBI (under Basel III).
- Net Worth at Rs.18992 crores, declined by 4.60% over 31.03.2017.
- Book value per share Rs.108.91.
- Gross NPA ratio at 16.58% as on 31.03.2018.
- Net NPA ratio at 8.26% as on 31.03.2018.
- The Financial performance of the Bank for the year 2017-18 is summarised below

(Amount in crore)

Particulars	2016-17	2017-18	Growth (%)
Net Interest Income	11,826	10,506	-11.16
Non-Interest Income	6,772	5,734	-15.34
Operating Expenses	8,866	9,101	2.65
Operating Profit	9,733	7,139	-26.65
Provisions / Contingencies	11,291	13,183	16.75
Net Profit	-1,558	-6,044	
Earnings per share (Rs.)	-15.72	-52.55	
Book Value per share (Rs.)	188.62	108.91	-42.26
Return on Equity (%)	-7.78	-31.07	
Return on Average Assets (%)	-0.24	-0.91	

Key Financial Ratios are presented below

(Percentage) (%)

Parameters	2016-17	2017-18
Yield on Advances	7.98	7.15
Yield on Investments	7.58	7.25
Yield on Funds	6.41	6.16
Cost of Deposits	4.84	4.58
Cost of Funds	4.48	4.46
Net Interest Margin	2.20	1.92
Non Interest Income to Operating Expenses	76.39	63.00
Other Income to Average Working Fund	1.03	0.86
Operating Expenses to Average Working Fund	1.45	1.47
Staff Expenses to Average Working Fund	0.88	0.79
Other Operating Expenses to Average Working Fund	0.57	0.68
Asset Utilisation Ratio	1.59	1.16
Non Interest Income to Total Income	14.70	13.09
Non Interest Income to Net Income	36.41	35.31
Cost to Income Ratio	47.67	56.04

Capital

During the year Bank has raised Rs. 9232 crore by issue of 55,84,32,131 fresh shares of Rs.10/- each at a price of Rs.165.32 to Government of India. Bank has also issued Basel III compliant 8.79% Additional Tier I Bonds for an amount of Rs. 500 crore.

Bank has exercised the regulatory call option and redeemed all its Additional Tier I Bonds (Series 1 to 5) for an amount of Rs. 5500 crore on 21.04.2018.

Capital Adequacy:

- As per Basel III framework, the Bank's Capital Adequacy Ratio was 12.94% which is higher than the regulatory requirement of 10.875%
- Details of Capital Adequacy (BASEL II & III) are :

(₹ in crore)

Particulars	BASEL – III			
वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर प्रत्यायोजित अधिकारों के प्रयोग हेतु स्वीकृति के अधिकारी सहित गठित की गई हैं। प्रधान कार्यालय स्तर पर फील्ड में कार्यरत अधिकारियों को प्रत्यायोजित अधिकारों से परे प्रस्तावों पर कार्रवाई करने के लिए तीन ऋण समितियाँ (जीएमएलसीसी, ईडीएलसीसी एवं सीएसी) कार्यरत हैं। आंचलिक कार्यालय/ एनबीजी कार्यालय में उनके अधिकारों में आनेवाले ऋण प्रस्तावों पर विचार करने के लिए इसी प्रकार ऋण समितियाँ (एसजेडएलसीसी/ जेडएलसीसी/एनबीजीएलसीसी) का गठित की गई है।

➢ **विवेकपूर्ण सीमाएँ**

विभिन्न प्रकार के उधारकर्ताओं के लिए ऋण/निवेश के विविध पहलुओं जैसे एकल/समूह उधारकर्ता सीमाओं के संबंध में उपयुक्त विवेकपूर्ण सीमाएँ है।

➢ **जोखिम श्रेणी निर्धारण/मूल्य निर्धारण**

काऊन्टर पार्टी के विभिन्न जोखिम घटकों के लिए एकल बिन्दु इन्डीकेटर तथा क्रेडिट तथा मूल्य निर्धारण में सहायता हेतु बैंक ने विभिन्न खण्डों में श्रेणी निर्धारण माडल आरंभ किया है।

➢ **ऋण लेखा परीक्षा/ऋण समीक्षा व्यवस्था (एलआरएम)**

ऋण लेखा परीक्षा/ऋण समीक्षा व्यवस्था ऋण बही की गुणवत्ता के लगातार मूल्यांकन करने और ऋण प्रबंध में गुणात्मक सुधार लाने हेतु एक प्रभावी साधन है।

v. विश्लेषण के माध्यम से संविभाग प्रबंधन

विभिन्न ऋण पोर्टफोलियों एवं निवेशों की समग्र संरचना और गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक उपयुक्त प्रणाली होना भी महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से शुरुआत के लिए बैंक ने एक सरल पोर्टफोलियों निगरानी फ्रेमवर्क प्रारंभ किया है। आगे चलकर बैंक और अधिक परिष्कृत पोर्टफोलियों प्रबंधन मॉडल तैयार करेगा। रु 10 लाख और इससे अधिक वाले खातों में रेटिंग माइग्रेशन छ:माही किया जा रहा है और बोर्ड को प्रस्तुत किए जाते हैं। क्रेडिट रिस्क मैनेजमेंट साफ्टवेयर (सीआरएमएस) चरणबद्ध रुप से कार्यान्वित किया जा रहा है। बैंक एडवांस एप्रोच को स्वीकार करने के लिए तैयार हो रहा है।

vi. जोखिम मापांकन

वर्तमान में ऋण जोखिम का निर्धारण जोखिम श्रेणी निर्धारण व्यक्तिश: स्तर पर करने और पोर्टफोलियो स्तर पर आस्तियों के भारांक एवं जोखिम भारांको के आधार पर रखी गई पूँजी के माध्यम से किया जाता है। 31 मार्च 2008 से प्रभावी नवीन पूँजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल II) के अन्तर्गत बैंक ने मानक दृष्टिकोण को अपना लिया है।

vii. जोखिम रिपोर्टिंग प्रणाली

सभी ऋण संबंधी नीतियाँ अनुमोदन के लिए उचित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले सीआरएमसी (जो ऋण जोखिम के लिए परिचालन स्तर की समिति है) द्वारा अनुमत की जाती है। उचित निगरानी करने के लिए विभिन्न ऋण संबंधी सूचनाएँ सीआरएमसी को प्रस्तुत की जाती है।

viii. जोखिम समीक्षा

लेखापरीक्षा-ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली एवं साधन भी प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा के अध्यधीन हैं।

ix. विशेषकर उल्लिखित खाते/एनपीए खातों के अनुवर्तन हेतु उपाय

एनपीए की निगरानी/निवारण हेतु सामान्यत: बैंक में उपलब्ध विभिन्न उपाय नीचे सूचीबद्ध किए गए है :-

I. एनपीए होने से पहले खाता [विशेष रूप से उल्लिखित खाता (एसएमए)]:

क. आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्वीकृत अवधि के अनुपालन हेतु सघन निगरानी।

ख. जहाँ भी अनियमितताएँ पाई गई है वहां तत्परता से अनुस्मारकों का भेजा जाना।

ग. एनपीए प्रवर्ग में खाते का न जाना सुनिश्चित करने हेतु तुरंत अतिदेयों की वसूली करना।

घ. वित्तीय डाटा के विश्लेषण के साथ इकाई का आवधिक निरीक्षण एवं आस्ति प्रभार।

ङ. खातों को एनपीए होने से पहले प्राप्य राशियों को पुनर्संरचित करना, अधिस्थगन अवधि, ब्याज निधि एवं किश्तों के आस्थगन की वृद्धि सहित सुधारात्मक कार्रवाई।

II) एनपीए होने के बाद खाता:-

क. बकाया को कम करने हेतु अर्थ सुलभ प्रतिभूतियों (टीडीआर, शेयर, मार्जिन राशि आदि) एवं गिरवी वस्तुओं का विनियोजन।

ख. उधारकर्ताओं के सहयोग से अन्य प्रतिभूतियों का निपटान।

ग. समझौता वार्ता के माध्यम से प्राप्य राशियों का समझौता निपटान।

घ. अग्रिम को रीकॉल करना।

ङ. अदालत में मुकदमा दाखिल - डिक्री निषादन।

च. अंत में, प्राप्य राशियों की वसूली हेतु सभी उपाय करने के पश्चात्, खाता को नियत शेष के बट्टे खाते में डाला जाता हैं ।

ख. पीटी बैंक ऑफ ड़ंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

पीटी बैंक ऑफ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी) ने संपूर्ण जोखिम प्रबंधन को स्वीकृत लक्षित, समन्वित और सतत बनाने की आशा से जोखिम जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) तथा जोखिम प्रबंधनइकाई (आरएमयू) स्थापित की है जो परिचालन इकाई और आंतरिक लेखा परीक्षा इकाई ("आंतरिक लेखा परीक्षा") से स्वतंत्र है। इसके अतिरिक्त आरएमसी और आरएमयू के कार्यो के कार्यान्वयन के प्रभाव की निगरानी के लिए बैंक ने जोखिम निगरानी समिति बनाई है जो सीधे बोर्ड ऑफ कमीशनर्स को उत्तरदायी है।

बैंक ऑफ इंडोनेशिया के अनुसार बैंक ने 8 (आठ) प्रकार के जोखिमों को संभाला है। ऋण जोखिम, चलनिधि जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, अनुपालन जोखिम, विधि जोखिम, जोखिम के साथ संभाव्य जोखिम वाली गतिविधियाँ जो बैंक की कारोबार निरन्तरता को खंडित करती है । जोखिम प्रकार का आकलन किसी भी कार्यात्मक गतिविधि (निहित जोखिम) और जोखिम नियंत्रण प्रणाली में निहित जोखिमों का संयोजन है।

बैंक नए ऋणों का अनुमोदन करने में चयानात्मक है और नियामक द्वारा आवश्यक ऋण के प्रावधान से अधिक बनाए रखता है। संपार्श्विक आधारित उधार में, संपार्श्विक के मूल्य पर हेयरकट लगाई जाती है। बैंक को जोखिम अधिकारी निदेशक अनुपालन को रिपोर्ट करता है। जोख़िम प्रबंधन इकाई (आरएमयू) ऋण अनुमोदन प्रक्रिया की देखभाल/निगरानी रखते हैं।

ग. बैंक ऑफ इंडिया (तंजानिया) लि. बैंक ऑफ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगी), बैंक ऑफ इंडिया (युगांडा) लि. और बैंक ऑफ इंडिया (बोत्स्वाना -II) लि.

मासिक आधार पर ब्याज लगाया जाना, मानक आस्तियों में संभाव्य ऋण चूक या व्यतिक्रम से निपटने का एक उपयोगी साधन बन गया है। आस्ति की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु बैंक ने निम्नलिखित नीति अपनाई है जिस पर शाखाओं को तुरंत अमल करना चाहिए और :-

i. उधारकर्ता के साथ सक्रिय अनुवर्ती कार्रवाई के माध्यम से अतिदेय या कम से कम संकटपूर्ण राशि को वसूल करना।

ii. अस्थायी बेमेल रोकड प्रवाह के मामलों में खातों में परिचालन को बनाए रखना।

iii. अपेक्षित नकदी प्रवाह के अनुसार चुकौती मीयाद को पुनर्निधारित करना।

iv. पुनर्रचना नीति में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नकदी प्रवाह में यदि कोई अंतर हो तो अपेक्षित नकदी प्रवाह को दृष्टिगत रखते हुए देय राशि की पुनर्रचना की जाए।

v. एनपीए होने से पहले खातों में बैंक द्वारा उपरोक्त में एक या अधिक कार्रवाई की गई है।

ii मात्रात्मक प्रकटन

क. कुल सकल ऋण जोखिम निम्नानुसार

प्रवर्ग	रू. मिलियन में
निधि आधारित	4020,804.06
गैर-निधि आधारित *	631,847.65

* क्रेडिट छोडक़र डेरिवैटिव के समतुल्य

ख. जोखिम का भौगोलिक वितरण:

(रू. मिलियन में)

	स्वदेशी	विदेशी
निधि आधारित	3,170,527.87	850,276.19
गैर-निधि आधारित	586,904.66	44,942.98

ग. उद्योगवार जोखिम का वितरण (निधि आधारित और गैर- निधि आधारित) निम्नलिखित है :

(रू. मिलियन में)

उद्योग का नाम	निधि आधारित (बकाया राशि)	गैर निधि आधारित (बकाया राशि)
कोयला	1,001.10	83,381.41
खदान	78,296.36	-
लौह एवं इस्पात	116,710.31	3,879.30
अन्य धातु एवं धातु उत्पाद	31,280.67	11,085.85
सभी इंजीनियरिंग	15,726.44	13,454.81
जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	2,104.35	1,850.49
विद्युत	286,753.28	
सूती वस्त्र उद्योग	43,732.77	6,304.37
जूट वस्त्र उद्योग	1,072.10	371.82
अन्य वस्त्र उद्योग	44,403.93	4,427.72
चीनी	19,371.83	917.79
चाय	16.30	32.41
खाद्य प्रसंस्करण	19,557.55	7,665.61
वनस्पति तेल एवं वनस्पति	8,591.89	10,079.44
तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद	7,641.56	665.05
पेपर एवं पेपर उत्पाद	11,541.77	884.91
रबर एवं रबर उत्पाद	20,985.13	5,302.98
केमिकल, डाई, पेंट्स आदि	45,385.70	16,341.30
जिसमें से फर्टिलाइजर्स	3,712.66	1,804.88
जिसमें से पेट्रोकेमिकल्स	11,719.16	4,707.75
जिसमें से ड्रग्ज और फार्मास्युटिकल्स	15,451.87	4,826.74
सीमेंट	13,599.16	776.03
चर्म एवं चर्म उत्पाद	4,271.26	695.27
रत्न एवं आभूषण	80,987.62	2,763.88
निर्माण	38,623.43	27,174.80
पेट्रोलियम	17,314.40	26,083.81
ऑटोमोबाइल्स, ट्रक सहित	28,456.26	3,898.25
आधारभूत संरचनायें	440,829.91	95,406.46
जिसमें से पॉवर	287,668.40	48,284.97
जिसमें से दूरसंचार	2,875.71	218.95
जिसमें से सडके और पत्तन	97,384.42	27,054.64
अन्य उद्योग	77,264.99	134,946.88
शेष अन्य अग्रिम (सकल अग्रिमों सहित तुलन के लिए)	2,854,141.62	175,307.50
कुल	4,020,804.06	631,847.65

- बुनियादी संरचना क्षेत्र के 10.96% के दर से एक्सपोजर कुल निधि आधारित अग्रिमों के 5% से अधिक है।
- बुनियादी संरचना क्षेत्र के 15.10% के दर से एक्सपोजर कुल गैर-निधि आधारित बकाया के 5% से अधिक है।

घ. आस्तियों का शेष संविदात्मक परिपक्वता विश्लेषण निम्नलिखित है:

(रू. मिलियन में)

	अग्रिम	निवेश (सकल)	विदेशी मुद्रा आस्तियाँ
पहला दिन	94,372.22	320,117.78	55,913.81
2 से 7 दिन	63,692.23	23,211.28	56,169.31
8 से 14 दिन	73,928.81	26,328.62	42,617.45

15 से 30 दिन	119,319.38	41,079.36	104,196.94
31 दिन और 2 माह तक	63,051.50	30,278.60	70,264.61
>2 माह और 3 माह तक	213,096.52	27,661.84	273,557.94
>3 माह और 6 माह तक	238,494.49	31,330.93	229,420.50
6 माह से अधिक और 1 वर्ष तक	213,096.61	68,547.58	105,077.39
1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	535,020.70	231,295.03	130,484.81
3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	547,330.04	185,512.18	51,480.57
5 वर्ष से अधिक	1,344,089.20	435,026.16	130,450.72
कुल	**3,505,491.71**	**1,420,389.37**	**1,249,634.05**

ङ. **सकल एनपीए इस प्रकार हैं –**

प्रवर्ग	**(रू. मिलियन में)**
अवमानक	134,524.61
संदिग्ध-1	117,848.52
संदिग्ध – 2	239,692.56
संदिग्ध – 3	70,006.27
हानि	61,856.26
कुल	**623,928.21**

च. **निवल एनपीए की राशि रू. 2,82,528.45 मिलियन है।**

छ. **एनपीए अनुपात निम्नानुसार है :**

- सकल अग्रिमों पर सकल एनपीए : 16.58%
- निवल अग्रिमों पर निवल एनपीए : 8.26%

ज. **सकल एनपीए का उतार चढाव निम्नप्रकार है :**

(रू. मिलियन में)

i) वर्ष के प्रारंभ में अथ शेष	522,690.68
ii) वर्ष के दौरान किया गया परिवर्धन	256,141.64
iii) वर्ष के दौरान की गई कटौती	154,904.07
iv) वर्षान्त मे इतिशेष (i+ii-iii)	623,928.25

झ. **एनपीए हेतु प्रावधानों का उतार चढाव निम्नानुसार है : (रू. मिलियन में)**

i) वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष	248,524.35
ii) वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	114,947.33
iii) अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	44,548.65
iv) वर्षान्त मे इतिशेष (i+ii-iii)	318,923.03

ञ. **अनर्जक आस्ति निवेश की राशि रू 25,945.92 मिलियन है।**

ट. **अनर्जक आस्ति निवेश हेतु किए गए प्रावधान की राशि रू 19112.66 मिलियन है।**

ठ. **निवेशों पर मूल्यह्रास हेतु प्रावधानों का उतार चढाव निम्न प्रकार है :**

(रू. मिलियन में)

i) वर्ष के प्रारंभ में अथ शेष	11,266.11
ii) वर्ष के दौरान किये गए प्रावधान	32,317.19
iii) अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन/बट्टे खाते में डालना	8,343.07
iv) विनिमय अंतर	-
v) वर्षान्त में इतिशेष (i+ii-iii+iv)	35,240.22

ड. **एनपीए और बैंक ऑफ इंडिया के लिए प्रमुख उद्योग या प्रतिपक्ष प्रकार द्वारा किया गया प्रावधान (सोलो) :** (रू. मिलियन में)

उद्योग का नाम	एनपीए	प्रावधान
कोयला	366.00	230.50
खदान	11,391.20	4,882.50
लौह एवं इस्पात	68,710.80	19,703.30
अन्य धातु एवं धातु उत्पाद	13,769.40	9,339.10
सभी इंजीनियरिंग	5,996.60	2,400.70
जिसमें से इलेक्ट्रॉनिक्स	977.50	548.30
विद्युत	66,377.60	24,637.90
सूती वस्त्र उद्योग	15,002.70	2,890.00
जूट वस्त्र उद्योग	737.30	505.10
अन्य वस्त्र उद्योग	12,723.50	2,478.70
चीनी	2,842.10	2,509.40
चाय	-	-
खाद्य प्रसंस्करण	5,718.53	1,690.70
वनस्पति तेल एवं वनस्पति	4,406.20	3,233.90
तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद	3,935.00	2,512.50
पेपर एवं पेपर उत्पाद	3,612.40	1,572.70
रबर एवं रबर उत्पाद	2,389.60	1,029.70
केमिकल, डाई, पेंट्स आदि	13,169.70	5,900.10
जिसमें से फर्टिलाइजर्स	1,828.50	275.20
जिसमें से पेट्रोकेमिकल्स	2,854.30	1,620.60
जिसमें से ड्रग्ज और फार्मास्युटिकल्स	5,452.60	2,310.00
सीमेंट	2,517.90	1,197.90
चर्म एवं चर्म उत्पाद	463.50	164.40
रत्न एवं आभूषण	27,216.60	5,342.30
निर्माण	6,693.20	796.80
पेट्रोलियम	4,191.60	3,541.20
ऑटोमोबाइल्स, ट्रक सहित	12,379.00	6,056.20
कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	-	-

आधारभूत संरचनायें	111,185.40	50,385.50
जिसमें से पॉवर	66,377.60	24,637.90
जिसमें से दूरसंचार	2,797.40	1,559.40
जिसमें से सडके और पत्तन	29,265.40	13,965.30
अन्य उद्योग	54,499.40	10,149.20
शेष अन्य अग्रिम(सकल अग्रिमों सहित तुलन के लिए)	239,366.97	180,207.30
कुल	623,284.60	318,719.70

ढ. भूगोलवार एनपीए एनपीए एवं प्रावधान (बैंक ऑफ इंडिया के लिए सोलो)

(रू. मिलियन रुपयों में)

	घरेलू	विदेशी	कुल
सकल एनपीए	510,860.10	112,424.50	623,284.60
एनपीए हेतु प्रावधान	250,076.60	68,643.10	318,719.70

तालिका डीएफ-4

ऋण जोखिम : मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन संविभागों हेतु

i. गुणात्मक प्रकटीकरण:

क) मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत संविभागों के लिए:

➢ किसी भी परिवर्तन हेतु कारणों सहित, उपयोग की गई ऋण श्रेणी निर्धारण एजेन्सियों का नाम

➢ ऋण जोखिम के प्रकार जिसके लिए प्रत्येक एजेन्सी का उपयोग किया गया है; एवं

➢ बैंकिंग बही में लोक निर्गम श्रेणी निर्धारण का तुलनीय आस्तियों में अंतरण हेतु प्रयुक्त की गई प्रक्रिया का वर्णन।

1.0. बैंक ऑफ इंडिया:

ए. बैंक ने सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भार के लिए निम्नलिखित ऋण श्रेणी निर्धारण एजेंसियों की सामान्य श्रेणी निर्धारण के उपयोग किए जाने हेतु अनुमोदन किया है। स्वदेशी दावों के लिए सीआरआईएसआईएल, आईसीआरए, इंडिया रेटिंग्स, ब्रीकवर्क, एसएमईआरए एवं सीएआरई तथा अनिवासी कार्पोरेट्स, विदेशी बैंको एवं विदेशी प्रभुसत्ता पर दावों के लिए एस एंड पी, फिच एवं मूडी। एसएमई श्रेणी निर्धारण का उपयोग नहीं किया जा रहा है, क्योंकि उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है।

बी. इन सभी एजन्सियों के श्रेणी निर्धारण का उपयोग, बासेल-II के अंतर्गत सीआरएआर गणनाओं हेतु मानकीकृत दृष्टिकोणान्तर्गत, श्रेणीकरण के अधीन समस्त ऋण जोखिमों के जोखिम भार प्रयोजनार्थ किया जा रहा है।

सी. बैंकिंग बही में तुलनीय आस्तियों पर सार्वजनिक निर्गम श्रेणी निर्धारण अंतरण हेतु प्रयुक्त प्रक्रिया आरबीआई की नियामक आवश्यकताओं के अनुसार है। श्रेणी निर्धारक एजेन्सियों द्वारा उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित की गई लोक श्रेणी निर्धारण इस प्रयोजनार्थ उपयोग की गई है। श्रेणी निर्धारण जो केवल संबद्ध श्रेणी निर्धारण एजेन्सी के मासिक बुलेटिन के अनुसार प्रभावी है एवं पूर्व 15 महीनों के दौरान कम से कम एक बार पुनरीक्षित की गई है, का उपयोग किया जाता है।

डी. विशेष दूसरे पक्ष पर समस्त ऋण जोखिमों के लिए बैंक द्वारा श्रेणी निर्धारण के लिए केवल एक ही एजेन्सी का प्रयोग किया जाता है, यद्यपि इस अपवाद सहित कि जहाँ केवल एक अनुमोदित श्रेणी निर्धारण एजेन्सी द्वारा ऋण जोखिमों का एक से अधिक बार श्रेणी निर्धारण किया जाता है।

ई. जोखिम भार प्रयोजनार्थ पात्रता के लिए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि, बाह्य ऋण निर्धारण पर विचार किया जाता है एवं बैंक द्वारा भुगतान की गई संपूर्ण ऋण राशि के संबंध में ऋण जोखिम को प्रतिबिंबित करें। एक ही पार्टी के दूसरे पक्ष को किसी अन्य ऋण जोखिम के लिए विशिष्ट श्रेणी निर्धारण एक निर्गमकर्ता या निर्गम को विस्तारित करते समय, यह ऋण जोखिम एक्सपोजर की संपूर्ण राशि के लिए विस्तारित की जाती है, अर्थात दोनों मूल राशि एवं ब्याज हेतु। एक कार्पोरेट समूह के अंतर्गत एक कंपनी के बाह्य निर्धारण का उपयोग जोखिम भार हेतु उसी समूह की अन्य कंपनियों के लिए नहीं होता है।

एफ़. उन आस्तियों के लिए जिनकी संविदागत परिपक्वता एक वर्ष से कम या एक वर्ष के बराबर होती है, अल्पावधि श्रेणी निर्धारण का उपयोग किया जाता है, जबकि अन्य आस्तियों के लिए दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण प्रयोग की जाती है। नकद उधार एक्सपोजऱ के लिए दीर्घ अवधि श्रेणी निर्धारण ली जाती है।

जी. जहाँ एक जारीकर्ता की बाह्य दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण सहित दीर्घावधि एक्सपोजर है जो 150% जोखिम भारिता का समर्थन करता है, तथा उसी काउन्टरपार्टी के सभी अमूल्यांकित दावे चाहे वह अल्पावधि की हो अथवा दीर्घावधि की हो, भी 150% जोखिम भारिता वहन करती है, सिवाय उसके जहाँ ऋण जोखिम घटाव तकनीक इन दावों के लिए प्रयोग किया जाता है। अल्पावधि श्रेणी निर्धारण के मामले भी एकसमान होंगे ।

एच. दीर्घावधि एक्सपोजऱ हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण के अंतर्गत जोखिम भारिता का सीधा आकलन अनुमोदित रेटिंग एजेन्सियों द्वारा दीर्घावधि श्रेणी निर्धारण समनुदेशित किया जाता है। इसके विपरीत, प्रतिपक्ष का अमूल्यांकित अल्पावधि दावा उसके प्रतिपक्ष के मूल्यांकित अल्पावधि दावो पर लागू जोखिम भारिता से कम से कम एक स्तर ज्यादा जोखिम भारिता वहन करता है। बैंकों तथा निगमों के विरुद्ध मूल्यांकित सुविधा से उत्पन्न दावों हेतु जोखिम भारिता निर्गम विशिष्ट अल्पावधि मूल्यांकन जनित है जो अमूल्यांकित दीर्घावधि दावों हेतु जोखिम भारिता का समर्थन नहीं करता है।

आई. यदि योग्य ऋण निर्धारण एजेन्सियों द्वारा दो निर्धारण दिए जाते हैं जो विभिन्न ऋण भारिता दर्शा रहा है तो वहाँ उच्च जोखिम भारिता लागू होगा। यदि योग्य ऋण निर्धारण एजेंसियों द्वारा तीन या उससे अधिक मूल्यांकन विभिन्न जोखिम भारिता दर्शा रहे हैं तब दो न्यूनतम जोखिम भारिता का परवर्ती मूल्यांकन संदर्भित किया जाता है तथा उन दोनों जोखिम भारिताओं में से उच्च जोखिम भारिता लागू होता है यथा द्वितीय न्यूनतम जोखिम भारिता ।

जे. निवेश दावे का आरडब्ल्यू चयनित ऋण निर्धारण एजेन्सी द्वारा विशिष्ट श्रेणी निर्धारण पर आधारित होता है, जहाँ एक विशिष्ट निधार्रित निर्गम में दावा एक निवेश नहीं होता है:

i) विशिष्ट उधार (जहाँ जोखिम भार में श्रेणी निर्धारण का आकलन, जो अमूल्यांकित दावे पर लागू से कम हो) पर लागू श्रेणी निर्धारण बैंक के केवल अनिधार्रित दावे पर लागू होती है। यदि यह दावा समरूप श्रेणी अथवा सभी दृष्टि से विशेष दर आधारित उधार से वरीय हो एवं जहाँ दर आधारित दावा लघु अवधि दायित्व होता है, को छोडक़र अनिधार्रित दावे की परिपक्वता, दर आधारित दावे की परिपक्वता के बाद न आती हो।

ii) यदि निर्गमकर्ता अथवा एकल निर्गम की श्रेणी निर्धारित की गई हो, जो गैर निर्धारित दावों पर लागू की जाती है, के जोखिम भार के बराबर हो अथवा उच्चतर हो, वही दूसरे पक्ष पर गैर निर्धारित दावे, वही जोखिम भार का निर्धारण किया जाता है, जैसा कि दर आधारित एक्सपोजर में लागू होता है, यदि सभी दृष्टि से यह दावा दर आधारित ऋण जोखिम से समरूप या कनिष्ठ श्रेणी का हो।

2.0 पीटी बैंक ऑफ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार कोई भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है।

3.0 बैंक ऑफ इंडिया (तंजानिया) लि. बैंक ऑफ इंडिया युगांडा) लि तथा बैंक ऑफ इंडिया (बोत्स्वाना) लि. :

देश में मौजूदा मानदंडो के अनुसार कोई भी बाह्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया जाना अपेक्षित नहीं है। देश में कोई भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी परिचालन /कार्यरत नहीं है।

4.0 बैंक ऑफ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगी) :

आवश्यक्तानुसार तिमाही के आधार पर सामान्य प्रकटीकरण विवरणी द्वारा ऋण जोखिम का प्रकटीकरण किया जाता है ।

ii. **मात्रात्मक प्रकटीकरण:**

(रुपये मिलियन में)

मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन जोखिम के कम होने के पश्चात एक्सपोजर की राशि के लिए बैंक की बकाया राशि (दर आधारित एवं गैर दर आधारित) निम्नलिखित तीन बृहत जोखिम क्षेत्रों एवं जिनकी कटौती की जाती है उन क्षेत्रों का मात्रात्मक प्रकटीकरण किया जाता है।	
(मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन) बीओआई का कुल ऋण (बाजार से संबद्ध तुलन पत्र मदों को छोडक़र) जोखिम के अंतर्गत वर्गीकृत प्रमुख जोखिम क्षेत्र निम्नानुसार है:-	
100% जोखिम भार से कम	**5,284,793.77**
100% जोखिम भार	**1,102,884.50**
100% से अधिक जोखिम भार	**486,262.24**

तालिका डीएफ-5

ऋण जोखिम न्यूनीकरण : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

i. गुणात्मक प्रकटन

(क) ऋण जोखिम न्यूनीकरण के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकताओं में यह शामिल है:

➢ ऑन एंड ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग के लिए नीतियाँ और प्रक्रियाएँ और बैंक द्वारा इनका किस हद तक प्रयोग किया जाता है उसका संकेत ;

➢ संपार्श्विक मूल्यांकन एवं प्रबंधन हेतु नीतियाँ एवं प्रक्रियाएं;

➢ बैंक द्वारा लिए गए संपार्श्विक के प्रमुख प्रकारों का विवरण

➢ गारंटीकर्ता काउंटर पार्टी के प्रमुख प्रकार और उनकी ऋण पात्रता; एवं

➢ लिए गए न्यूनीकरण के भीतर (बाजार अथवा ऋण) जोखिम केंद्रीकरण के बारे में सूचना

क: बैंक ऑफ इंडिया

1. ऋण जोखिम न्यूनीकरण प्रबंधन का एक अनुकूल साधन है, जो अच्छे एवं बुरे दोनों समय में राजस्व हानि से कंपनी का रक्षण करता है। बैंक उसके दैनिक परिचालनों में आने वाले ऋण जोखिम के प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न पद्धति और तकनीक अपनाता है। ऐसी प्रक्रिया को ऋण जोखिम न्यूनीकरण का नाम दिया गया है और ऋण जोखिम न्यूनीकरण के कुछ तकनीक को पर्यवेक्षकों द्वारा मूल्य, मुद्रा असंतुलन और परिपक्वता असंतुलन के लिए समायोजन के पश्चात पूंजी प्रभार कटौती करने हेतु उपयोग करने की अनुमति दी गई हैं। नयी पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल ।।) के अंतर्गत पहचाने गए विभिन्न ऋण जोखिम प्रशामक (सीआरएम) निम्नानुसार है:

➢ संपार्श्विकृत संव्यवहार

➢ ऑन - बैलन्स शीट नेटिंग

➢ गारंटियाँ

2. पात्र वित्तीय संपार्श्विक

मानक दृष्टिकोण के अंतर्गत सभी संपार्श्विकों को ऋण जोखिम प्रशामक के रूप में स्वीकारा नहीं गया है। निम्नलिखित वित्तीय संपार्श्विक को स्वीकार किया गया है।

i. नकदी एवं जमाराशियाँ विदेशी मुद्रा की जमाराशियों सहित

ii. स्वर्ण : 99.99% शुद्धता वाले बेंचमार्क सहित

iii. केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियाँ

iv. किसान विकास पत्र और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र

v. जीवन बीमा पॉलिसियाँ

vi. ऋण प्रतिभूतियाँ- श्रेणीकृत शर्तो के अध्यधीन

vii. ऋण प्रतिभूतियाँ-गैर श्रेणीकृत, बैंकों द्वारा जारी, शर्तों के अध्यधीन

viii. म्यूचुअल फंडों की यूनिट शर्तो के अध्यधीन

ix. संपार्श्विक संव्यवहारों के लिए पूंजी सहायता उपलब्ध करने हेतु कतिपय अतिरिक्त मानदंड हैं, जिनका संपार्श्विक के प्रबंधन पर प्रत्यक्ष वहन है और संपार्श्विक प्रबंधन के दौरान इस पहलू का ध्यान रखा जाता है।

3. ऑन-बैलेंस-शीट- नेटिंग :

ऑन बैलेंस शीट नेटिंग को ऋणों/अग्रिमों (एक्सपोजर के रूप में माने गए) और जमाराशियों (संपार्श्विक के रूप में) तक सीमित रखा जाए, जहाँ पर दस्तावेजो के सबूतों के साथ विशिष्ट ग्रहणाधिकार सहित बैंक का कानूनी प्रवर्तनीय नेटिंग व्यवस्था है और जिसका नेट आधार पर प्रबंधन किया जाता है।

4. गारंटियाँ :

जहाँ प्रत्यक्ष, निर्धारित, अविकल्पी और बिना शर्त गारंटियाँ हो, बैंक पूंजी आवश्यकताओं की गणना करने हेतु ऐसे ऋण संरक्षण को मान सकता है। पात्र गारंटीदाताओं/काउंटर गारंटीदाताओं की श्रेणी में ये शामिल हैं:

i. शासक, शासकीय संस्था (बीआईएस, आइएमएफ, यूरोपियन सेन्ट्रल बैंक और यूरोपियन समुदाय के साथ-साथ कतिपय विनिर्दिष्ट एमडीबी, ईसीजीसी और सीजीटीएमएसई), बैंक और काउंटर पार्टी से अन्य निम्न जोखिम भार सहित बैंक और प्राथमिक व्यापारी;

ii. एए अथवा उससे बेहतर श्रेणी की अन्य संस्थाएं:

5. बैंक की सुपरिभाषित संपार्श्विक प्रबंधन नीति है जो संपार्श्विक के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रित फ्रेमवर्क प्रदान करती है। यह उधार में अंतर्निहित ऋण जोखिम के न्यूनीकरण का प्रमुख घटक है। बैंक मूर्त और अमूर्त दोनों प्रकार की प्रतिभूतियाँ स्वीकार करता है। मूर्त प्रतिभूतियाँ या तो भौतिक स्वरूप की होती है अथवा अन्य सामग्री प्रारूप में जैसे कि नकद मार्जिन, बैंक के पास जमाराशियाँ, स्वर्ण अथवा अन्य मूल्यवान धातु, शेयर्स, एनएससी/केवीपी/जीवन बीमा पॉलिसियाँ। अमूर्त प्रतिभूतियाँ हैं – बैंक गारंटियाँ/साख पत्र, बही ऋण, आश्वासन पत्र, नकारात्मक पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र, अपंजीकृत प्रभार इत्यादि। उधार दिए गए धन हेतु प्रतिभूति प्राप्त करने के सामान्य तरीके हैं - बंधक, गिरवी, दृष्टिबंधक और पुनर्ग्रहणाधिकार पत्र। बैंक द्वारा ऋण एक्सपोजर से सृजित की गई संपत्ति पर प्रथम प्रभार/अथवा समरूप आधार पर सामान्य नियम के अनुसार बैंक का प्रभार दर्ज किया जाए।

सामान्यत जब भी लागू हो/अनुमत होने पर गारंटी का आग्रह किया जाए। गारंटीकर्त्ता के प्रमुख प्रकार हैं:-

i) केंद्र/राज्य सरकार और डीआईसीजीसी, सीजीटीएमएसई और ईसीजीसी जैसी केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एजेन्सियाँ

ii) कारपोरेट्स के प्रोमोटर/प्रमुख स्वामी

iii) व्यक्तियों के मामले में रिश्तेदारों की व्यक्तिगत गारंटी

6. **संपार्श्विक प्रबंधन के विभिन्न पहलू इस प्रकार हैं : -**

संपार्श्विक को स्वीकार करने हेतु न्यूनतम शर्तेः संपार्श्विक को वैध और प्रवर्तनीय बनाने के लिए बैंक यह सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के रूप में स्वीकार की गई आस्तियाँ बिक्री योग्य, कानूनी प्रवर्तनीय और आवश्यकता पडने पर उसको नियंत्रण में लिये जा सकने योग्य है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आस्ति का बाजार मूल्य सहज निर्धारण योग्य हो अथवा उसे उचित रूप से स्थापित और सत्यापित किया जा सके। आंतरिक नियंत्रण के उद्देश्य से संपार्श्विक के रूप में स्वीकार्य आस्तियों के प्रकार और प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में ली जाने वाली इन प्रत्येक आस्तियों के मूल्य अनुपात के अधिकतम ऋण की सूची बैंक के पास है। संपार्श्विक लेते समय बैंक सांविधिक बाध्यताओं का भी ध्यान रखता है।

क) संपार्श्विक की वैधता

i) प्रवर्तनीयता;

बैंक सुनिश्चित करता है कि संपार्श्विक के समर्थन में ऋण दस्तावेजीकरण सभी संबंधित क्षेत्राधिकारों में कानूनी रूप से प्रवर्तनीय हो और उधारकर्ता की बाध्यताओं को विमुक्ति हेतु निर्बाध रूप से संपार्श्विक को लागू करने हेतु बैंक को अधिकार देता हो।

ii) हक और स्वामित्व;

बैंक हमेशा संपार्श्विक के रूप में आस्ति को स्वीकार करने से पूर्व उसके अस्तित्व तथा स्वामित्व का सत्यापन करता है और सुनिश्चित करता है कि किसी अन्य पक्ष का कथित संपार्श्विक पर कोई पूर्व दावा नहीं है। ऋण सुविधा के ड्रॉ डाउन से पूर्व ही बैंक संपार्श्विक के नियंत्रण को सुरक्षित करता है। ऋण जोखिम के प्रबंधन के सरलीकरण के लिए शीर्ष प्रबंधन को संपार्श्विक पर सूचना आवधिक रूप से दी जाती है। संपार्श्विक पर प्रभार तत्परता से, जहाँ भी लागू है, संबंधित प्राधिकारियों के पास पंजीकृत किए जाते हैं।

ख) लोन टू वैल्यू अनुपात

बैंक ने प्राथमिक प्रतिभूति के रूप में स्वीकार की जाने वाली प्रमुख आस्तियों के लिए अधिकतम लोन टू वैल्यू अनुपात (मार्जिन) निर्धारित किया है। ऐसे अनुपात आस्ति के संबंधित जोखिम के आनुपातिक होते हैं और संपार्श्विक की वसूली के समय होनेवाली संभाव्य हानि के विरूद्ध पर्याप्त बफर प्रदान करते हैं।

ग) मूल्यांकन;

बैंक के एक्सपोजर हेतु स्वीकार की गई संपत्तियों के मूल्यांकन के लिए बैंक की बोर्ड अनुमोदित नीति है जिसमें मूल्यांकन का आधार, मूल्यांकक की अर्हता और पुनर्मूल्यांकन की बारंबारता बैंक में अनुपालन हेतु निधार्रित की गई है।

घ) संपार्श्विक को सुरक्षित रखना तथा उसमें पहुँच का नियंत्रण;

संपार्श्विक के स्वीकारने, निगरानी अथवा सुरक्षित अभिरक्षा के अनुमोदन का प्राधिकार और उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्तियों और विभागों को दिया गया है।

ड) संपार्श्विक का प्रतिस्थापन/अतिरिक्त संपार्श्विक :

अतिरिक्त संपार्श्विक के अनुरोध की कार्यविधि का स्पष्ट दस्तावेजीकरण किया गया है।

च) बीमा:

सभी पात्र संपार्श्विक, जिन्हे विशेष रूप से छूट दी गई है उन्हें छोड़कर, संबंधित जोखिम हेतु बीमा द्वारा संरक्षित हैं और इसके लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं।

छ) संपार्श्विक की बिक्री;

संपार्श्विक के समय पर परिसमापन के लिए बैंक की सुस्पष्ट और सख्त कार्यविधि है।

ख: पीटी बैंक ऑफ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके :

संपार्श्विक मूल्यांकन हेतु पीटी बैंक ऑफ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके की नीति एवं कार्यविधि है जो बैंक ऑफ इंडोनेशिया विनियमन और बंधक ऋण हेतु राष्टीय विवेक पर आधारित है। यदि संपार्श्विक का मूल्य रु.2.79 करोड से अधिक है तो संपार्शिक का स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाता है। संपार्श्विक के स्वरूप पर आधारित परिसमापन मूल्य की गणना की जाती है। संपार्श्विक मूल्य की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है। भूमि एवं भवन के रूप में प्रमुख रूप से संपार्श्विक स्वीकार किया जाता है। सामान्यता व्यक्तिगत एवं अन्य पक्ष गारंटी नहीं ली जाती। केंद्रीकरण हेतु उधार देने की क्षेत्रीय सीमा निधार्रित की जाती है। बैंक को संपार्श्विक अथवा ऋण जोखिम शामकों की प्रमुख जोखिम की चिंता नहीं है।

ग: बैंक ऑफ इंडिया (तंजानिया) लि. और बैंक ऑफ इंडिया (न्यूजीलैण्ड) लि.:

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों; अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिप्रबंधक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर सीमा निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति	सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव का 125% (पूर्णतः प्रतिभूत)	25
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	10
ग) अप्रतिभूत	5

घ. बैंक ऑफ इंडिया (युगांडा) लि.

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों; अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिप्रबंधक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उधारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार है।

संपार्श्विक स्थिति	सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	एकल उधारकर्ता एक्सपोजर सीमा, पूंजी के 25% है और इसे बढाक़र कोर पूंजी के 50% किया जा सकता है।
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव का 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	
ग) अप्रतिभूत	

ङ. बैंक ऑफ इंडिया (बोत्स्वाना) लि.

बैंक के स्वयं की मीयादी जमाराशि रसीदों, अचल संपत्ति पर विधिक बंधक, कंपनी की चल संपत्ति पर दृष्टिबंदक प्रभार, शेयर इत्यादि को गिरवी रखकर आदि संपार्श्विक प्राप्त किया जाता है।

नियामक की आवश्यकताओं के अनुसार एकल उदारकर्ता/समूह को प्रदान किए जाने वाले अधिकतम एक्सपोजर निम्नानुसार हैं:-

संपार्श्विक स्थिति	सीमा (कोर पूँजी के % के रूप में)
1) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूति जिसका मूल्य कम से कम हो	
क) उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% (पूर्णत: प्रतिभूत)	30
ख) संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत जिसका मूल्य उसके द्वारा प्रतिभूत ऋण निभाव के 125% से कम है (आंशिक रूप से प्रतिभूत)	30
ग) अप्रतिभूत	30

ii **मात्रात्मक प्रकटन :**

(रुपये मिलियन में)

(क) पृथक रूप से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोजर (जहां लागू के बाद ऑन-ओर -ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग) जो पात्र वित्तीय संपार्श्विक द्वारा कवर की गई है : मार्जिन (हेयर कट) लागू करने के बाद।	2,74,492.36
(ख) पृथक रूप से प्रकट प्रत्येक ऋण जोखिम संविभाग के लिए कुल एक्सपोजर (जहां लागू के बाद ऑन-ओर-ऑफ बैलेन्स शीट नेटिंग) जो गारंटी/क्रेडिट व्युत्पन्न (जब कभी आरबीआई द्वारा विशेष रूप से अनुमति दी गई है) द्वारा कवर की गई है।	4,43,816.66

तालिका डीएफ-6
प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर : मानकीकृत दृष्टिकोण हेतु प्रकटन

i. **गुणात्मक प्रकटन**

समेकित स्तर पर यथा 31.03.2018 बैंक का कोई प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर नहीं है।

ii. **मात्रात्मक प्रकटन :-**

लागू नहीं

तालिका डीएफ-7
लेन-देन बही में बाजार जोखिम

i. **गुणात्मक प्रकटन :**

(क) मानक दृष्टिकोण को कवर करते हुए पोर्टफोलियों को शामिल करते हुए बाजार जोखिम हेतु सामान्य गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता ।

ए: **बैंक ऑफ इंडिया**

लेन-देन बही में बैंक निवेशों के "लेन-देन हेतु धारित" (एचएफटी) एवं "बिक्री हेतु उपलब्ध" (एएफएस) पोर्टफोलियों को धारित करता है। शेष आस्तियों- अर्थात परिपक्वता हेतु धारित पोर्टफोलियों और अग्रिमों के अंतर्गत निवेशों को बैंकिंग बही के रूप में माना जाता है। नीचे बाजार जोखिम प्रबंधन प्रयोजन एवं नीतियों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है।

(i) **कार्यनीतियाँ एवं प्रक्रियाएं :**

बाजार जोखिम प्रबंधन के अंतर्गत चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम, विदेशी विनिमय जोखिम एवं इक्विटी कीमत जोखिम की निगरानी की जाती है। बैंक वर्तमान में जिन्स (कमॉडिटी) में लेन-देन नहीं कर रहा है।

ए. चलनिधि जोखिम

चलनिधि जोखिम की निगरानी के लिए गैप विश्लेषण का पाक्षिक आधार पर पालन किया जाता है। संचयी गैप से संचयी आउटफ्लो का प्रतिशत निकालने के लिए विवेकपूर्ण सीमा का उपयोग किया जाता है- 28 दिनों तक के अल्पावधि बकेट के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अध्यधीन निगरानी की जाती है। इसके अतिरिक्त, बाजार उधार -दैनिक एवं औसत मांग उधार, आंतर बैंक देयताएं, खरीदी गयी नीधियां आदि के लिए विवेकपूर्ण सीमाएं काम करती हैं।

ऊँचे मूल्य की एकमुश्त जमाराशियों की निगरानी साप्ताहिक आधार पर की जाती है। अल्पावधि डायनामिक चलनिधि विवरण चलनिधि स्थिति का आकलन करने के लिए पाक्षिक आधार पर तैयार की जाती है जो व्यवसाय वृद्धि को ध्यान में रखकर चलती है। एक आकस्मिक निधि योजना तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गयी है। योजना का तिमाही आधार पर परीक्षण किया जाता है। चलनिधि संकट के समय और आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए यदि बाजार से निधि उठाई जानी हो तो बैंक की संभावित हानि का आकलन करने के लिए तिमाही आधार पर स्ट्रेस परीक्षण भी किया जाता है।

बी. **ब्याज दर जोखिम**

पिछले 12 माह के दौरान एवं अगले वित्तीय वर्ष तक बैंक की निवल ब्याज आय पर प्रभाव का आकलन करने के लिए गैप विश्लेषण उपयोग में लिया जाता है। बैंक ड्यूरेशन गैप विश्लेषण का भी उपयोग करता है। देयताओं की अवधि के लिए

विवेकपूर्ण सीमाएं नियत की गयी हैं। बैंक के निवेश पोर्टफोलियों की ड्यूरेशन आधार पर निगरानी की जाती है।

एसएलआर एवं गैर एसएलआर (घरेलू) विवेकपूर्ण सीमाओं के अंतर्गत दिनांकित प्रतिभूतियों के लिए वीएआर पद्धति अपनायी जाती है क्योंकि वीएआर के लिए विवेकपूर्ण सीमा नियत की गयी है एवं दैनिक आधार पर निगरानी की जा रही है एवं उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट की जा रही है। दिनांकित प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश सामान्यतया हैज किए जाते हैं एवं ब्याज दर जोखिम निम्नतम है। विदेशी मुद्रा विनिमय स्थिति में भी वीएआर सीमा नियत की गई है।

इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का आकलन स्ट्रेस टेस्टिंग से किया जाता है, यह जिसमें 200 बेसिस पाईंट के बाजार दर में परिवर्तन का सॉक लगाकर किया जाता है।

सी. विदेशी विनिमय जोखिम

बैंक ने यूएसडी के साथ अन्य मुद्राओं में एग्रीगेट गैप लिमिट नियत की है । बैंक के विभिन्न मुद्राओं में विदेशी विनिमय एक्सपोजर के लिए अधिकतम डेलाइट एवं ओवरनाइट एक्सपोजर नियत किया है। हमने अवधि वार इंडिविजुअल करेंसी वाइस गैप लिमिट भी नियत किया है इसके अलावा, नुकसान रोक सीमा, लाभ सीमा लेना एवं एकल व्यवहार सीमाएं डीलरों के फोरेक्स परिचालनों पर निगरानी रखने के लिए बनायी गयी हैं।

नेट ओपन पोजीशन हेतु विवेकपूर्ण सीमा नियत करके डेरिवेटिव संव्यवहार की निगरानी की जाती है और बकाया डेरिवेटिव पर पीवी 01 का केप रखा जाता है।

डी. इक्विटी कीमत जोखिम

बैंक की घरेलू निवेश नीति के इक्विटी डीलरों के लिए नुकसान रोक सीमाएं नियत की हैं। कोषागार की दैनिक सीमा , अधिकतम निवेश सीमा , इर्क्विटी संविभाग (ट्रेडिंग) के लिए धारण अवधि के संव्यवहारों की उच्चतम प्रबंधन को दैनिक आधार पर रिपोर्टिंग की जाती है।

ई. बाजार जोखिम प्रबंधन कार्य का ढाँचा एवं संगठन:

जोखिम प्रबंधन बोर्ड संचालित कार्य है जिसे तीन स्तरों पर सपोर्ट किया जाता है: देखभाल करने एवं निर्देश जारी करने के लिए बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति, जहाँ कहीं आवश्यक हो/जोखिम प्रबंधन नीतियां आदि अनुमोदित करने के लिए आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) जो नीति विषयों पर विचार करती है एवं एएलएम कक्ष के साथ जमीनी स्तर पर सपोर्ट प्रदान करती है। आस्ति देयता प्रबंधन समितियां विदेशी केन्द्रों में भी परिचालन में हैं। नीतियों, सीमाओं आदि पर चर्चा के लिए मार्केट जोखिम प्रबंधन समिति (एमआरएमसी) एक मूलभूत स्तरीय समिति है।

ii. जोखिम रिपोर्टिंग का स्कोप एवं प्रकृति और/अथवा मापांकन प्रणाली

स्वदेशी कारोबार के संबंध में बाजार जोखिम का प्रबंधन करने के लिए भारतीय रिजर्व् बैंक द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है - जैसे कि मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाना-दैनिक आधार पर लेन-देन बही में निवेशों का अवधि विश्लेषण-दैनिक आधार पर वीएआर लेन-देन बही निवेश इर्क्विटी पोर्टफोलियों को छोडक़र-तिमाही आधार पर तरलता जोखिम/बाजार जोखिम के लिए स्ट्रेस परीक्षण करना, स्वदेशी तुलन पत्र का अवधि विश्लेषण और इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर तिमाही आधार पर प्रभाव पर समीक्षा की जाती है और एएलसीओ द्वारा कार्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर समीक्षा की जाती है।एएलसीओं द्वारा मासिक आधार पर ब्याज दर संवेदनशीलता की समीक्षा की जाती है।

बाजार उधार लेन-देन के संबंध में भारतीय रिजर्व् बैंक के दिशानर्देशों के अनुरूप तरलता जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न विवेकपूर्ण उपाय किए गए हैं। मासिक आधार पर ढांचागत तरलता विवरणी तैयार की जाती है और पाक्षिक आधार पर अल्पावधि डायनमिक तरलता विवरणी तैयार की जाती है और उच्च प्रबंधन/ एएलसीओं को रिपोर्ट की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों की ढांचागत तरलता कार्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर की जा रही है।

स्ट्रेस परीक्षण एवं इक्विटी के आर्थिक मूल्य पर प्रभाव का परिणाम एएलसीओ को रिपोर्ट किया जाता है। लेन-देन बही स्थिति ड्यूरेशन एवं वीएआर दैनिक आधार पर उच्चतम प्रबंधन को रिपोर्ट किया जाता है।

iii हैजिंग और/अथवा जोखिम न्यूनीकरण के लिए नीतियां :

आस्ति देयता प्रबंधन एवं बाजार जोखिम प्रबंधन से संबंधित विस्तृत नीतियां कार्यरत हैं जो बाजार जोखिम की निगरानी के लिए विभिन्न रणनीतियों एवं प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डालती है।

iv पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी):

वाणिज्यिक बैंक के लिए न्यूनतम पूंजी पर्याप्तता आवश्यकता से संबंधित बैंक इंडोनेशिया के विनियमन के अनुसार, पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के परिकलन हेतु बाजार् जोखिम के मापन के लिए अनिवार्य श्रेणी में बैंक शामिल नहीं है। यह इसलिए है कि बैंक विदेशी विनिमय बैंक है जिसके ट्रेडिंग बुक में प्रतिभूतियों और/अथवा डेरिवेटिव संव्यवहार के रूप में वित्तीय लिखत आईडीआर 20 बिलियन (यूएसडी 1.7 मिलियन अनुमानित) से कम की रकम है।

बी. बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. (अनुषंगी), बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगी), बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (बोत्स्वाना) लि.

क) बाजार् जोखिम के सामान्य गुणात्मक प्रकटन की आवश्यकता जिसमें मानकीकृत दृष्टिकोण के संविधान भी शामिल है।

i. बाजार जोखिम: ब्याज दर, मुद्रा तथा इक्विटी उत्पाद में खुली स्थिति से बाजार जोखिम उत्पन्न होती है। बोर्ड सीमा निधार्रित करता है तथा जो स्वीकार की जा सकती है, नियमित अंतराल पर उसकी समीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त दैनिक आधार पर एक्सपोजर की निगरानी की जाती है।

ii. तरलता जोखिम: ओवरनाइट जमा से नकदी संसाधन, चालू खाते, परिपक्व जमाराशियां, ऋण आहरण और गारंटियों से उपलब्ध नकद स्त्रोतों से दैनिक मांग के लिए तथा मार्जिन और अन्य नकद समझौतों पर मांग से बैंक को नकद आरक्षित रखना पडता है। ऐसे मांग की पूर्ति करने के लिए परिपक्व निधि के उपलब्ध अंश के आधार पर बोर्ड ने उनके अनुभव पर सीमा निधार्रित की है और अंतर बैंक तथा अन्य उधार सुविधा के न्यूनतम स्तर पर जो मांग की अपेक्षित आहरण को कवर कर सके।

iii. ब्याज दर जोखिम- बैंक को उसकी वित्तीय स्थिति तथा नकदी प्रवाह पर प्रचलित बाजार ब्याज दर में उतर चढाव के परिणाम के साथ जुडी विभिन्न जोखिमों को उठाना पडता है। बैंक को जमा राशि ऋण तथा बाजार प्रवृत्ति के परिवर्तन के अनुरूप दरों को परिवर्तित करने का विवेकाधिकार है। यह उपाय ब्याज दर जोखिम को बैंक एक्सपोजर न्यूनतम रखते है।

iv. मुद्रा जोखिम : बैंक को विदेशी मुद्रा दर में परिवर्तन के कारण वित्तीय लिखत के मूल्य में होने वाले उतार-चढाव की जोखिम उठानी पडती है। बैंक विदेशी मुद्रा

बाजार में केवल जितनी आवश्यक मुद्रा की खरीदी तथा बिक्री के आधार तक शामिल रहती है। बैंक विदेशी मुद्रा वायदा बाजार में शामिल नहीं होता है और इस प्रकार जोखिम सीमित हो जाती है।

ii. **मात्रात्मक प्रकटन**

(रू. मिलियन में)

निम्नलिखित के लिए पूंजी आवश्यकता #	
ब्याजदर जोखिम	14,668.02
विदेशी विनिमय जोखिम (गोल्ड सहित)	335.41
इक्विटी जोखिम	8248.42

\# पूंजी आवश्यकता का परिकलन आरडब्ल्यूए की 9% की दर पर न्यूनतम विनियामक आवश्यकता पर किया जाता है।

तालिका डीएफ-8
परिचालनात्मक जोखिम
गुणात्मक प्रकटन

साधारण गुणात्मक प्रकटन आवश्यकता के अतिरिक्त जिसके लिए बैंक अर्हता प्राप्त है उस परिचालन जोखिम पूंजी मूल्यांकन हेतु बैंक का (के) दृष्टिकोण ।

ए: बैंक ऑफ इंडिया

बैंक जोखिम प्रबंधन की सर्वोत्कृष्ट प्रक्रिया अपनाता है। बैंक कारोबार की विभिन्न पद्धतियों के तहत समस्त आर्थिक उत्पादों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के परिचालन जोखिम का सतत निर्धारण और अभिनिर्धारण करता है। समस्त नये उत्पाद, गतिविधियाँ और प्रणालियाँ पहले नया उत्पाद समूह और फिर परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (सीओआरएम) अथवा क्रेडिट जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), जो लागू हो के माध्यम से कायार्न्वित होती है। सभी नीतियां बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आर.काम) द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद ही बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाती है। मुख्य जोखिम अधिकारी, आरकॉम के निदेशों को कायार्न्वित करते है और दिन-प्रतिदिन के परिचालन गत जोखिम प्रबंधन की देखभाल करते है।

जोखिम प्रबंधन विभाग, कारोबार परिचालन जोखिम प्रबंधकों (बीओआरएम) तथा परिचालनगत जोखिम प्रबंधन विशेषज्ञ (ओआरएमएस) के नजदीकी सहयोग से कार्य करता है। बीओआरएम तथा ओआरएमएस की समिति परिचालनगत जोखिम प्रबंधन प्रभाग को आवधिक आधार पर जोखिम और नियंत्रण निर्धारण करना, हानि की रिपोर्टिंग करना तथा की मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआई) में सहायता करता है।

अर्धवार्षिक आधार पर लॉस डेटा विश्लेषण के रूप में जोखिम रिपोर्टिंग की जाती है जिससे उच्च जोखिम प्रवणता वाले उत्पाद और कारोबार लाइन का निर्धारण किया जा सके और न्यूनीकरण उपाय अपनाए जा सके। शाखा स्तर के केआरआई और बैंक स्तर के केआरआई को तिमाही आधार पर ट्रैक किया जाता है।सभी बैंक के उत्पादों और प्रक्रियाओं के लिए वार्षिक आधार आरसीएसए कार्रवाई की जाती है।

बैसिक इंडिकेटर दृष्टिकोण द्वारा ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज की गणना की जाती है। वर्तमान में बैंक ऑपरेशनल रिस्क कैपिटल चार्ज के परिकलन के लिए उन्नत मापन के प्रयास अपना रहा है। परिचालन जोखिम पूंजी प्रभार की गणना के लिए समानान्तर रन के लिए बैंक को द स्टैंडर्डाइज्ड अप्रोच(टीएसए) में माइग्रेट करने के लिए अनुमोदन मिला है ।

बी: पीटी बैंक ऑफ़ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी)

कार्यों का पृथक्करण, प्रशिक्षण, स्पष्ट रूप से निर्धारित कार्यवाहियां, इत्यादि जैसे परिचालन जोखिम प्रबंधन के लिए बैंक ने श्रेष्ठ प्रक्रिया अपनाई है।

परिचालन जोखिम के प्रबंधन में, नीतियों और कार्यविधियों के नियंत्रण और रूटीन पर्यवेक्षण के संदर्भ में प्रत्येक इकाई जिम्मेदार है। अपरिहार्य परिस्थितियों से बचने प्रणाली के लिए उत्पाद का विकास, प्रणाली, मानव संसाधन और "अपने ग्राहक को जानिए" से संबंधित क्षेत्र शामिल है।

परिचालन जोखिम को कम करने के लिए बैंक ने संव्यवहार प्रोसेसिंग में नियंत्रण कार्य को बढा दिया है जिसमें संव्यवहार के समय के अंदर पूरा करना, लागू मानकों के अनुवाद लेखांकन पद्धति का समायोजन,ठीक ढग़ से रिकार्ड का अनुरक्षण, आस्ति तथा डेटा के लिए सुरक्षित ऐक्सेस क्रियान्वित करने हेतु कार्य विधि सुनिश्चित करना है। आंतरिक लेखा परीक्षा इकाई का कार्य जो परिचालन गतिविधियों की नियमित जांच करती है, आवश्यक सुधार को बेहतर बना रही है। बैंक परिचालन जोखिम के परिकलन के लिए बेसिक इंडिकेटर एप्रोच इन रिस्क वेटेड एसेट्स (एटीएमआर) का प्रयोग कर रही है।

बैंक में एक आंतरिक नियंत्रण इकाई भी है जो सुनिश्चित करता है कि सभी कारोबार इकाई बैंक की प्रक्रिया का और साथ ही स्थानीय सरकार के विनियमों का भी अनुपालन करते हैं।

सी: बैंक ऑफ़ इंडिया (तंजानिया) लि. (अनुषंगी) , बैंक ऑफ़ इंडिया (न्यूजीलैण्ड) लि. (अनुषंगी) , बैंक ऑफ़ इंडिया (युगांडा) लि. और बैंक ऑफ़ इंडिया (बोत्स्वाना) लि.

परिचालनात्मक जोखिम प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हानि का जोखिम है जो विभिन्न कारणों से उत्पन्न होती है जो बैंक की प्रक्रिया, कार्मिक, प्रौद्योगिकी और आधार संरचना से संबद्ध है और क्रेडिट, बाजार, तरलता जोखिम छोडक़र बाह्य कारक जैसे विधिक और विनियामक जरूरतों और कारपोरेट व्यवहार के आम स्वीकृत मानकों से उत्पन्न होते है। परिचालनात्मक जोखिम बैंक की सभी गतिविधियों से उत्पन्न होती है।

वित्तीय हानि एवं कुल लागत प्रभावशीलता सहित बैंक की प्रतिष्ठा धूमिल होने से बचाव को संतुलित करने और नियंत्रण कार्रवाई जो पहल एवं रचनात्मकता को सीमित करती है, से बचाव के लिए परिचलनात्मक जोखिम का प्रबंध करना बैंक का उद्देश्य है।

परिचालनात्मक जोखिम का ध्यान रखने के लिए प्रबंधन विकास एवं कार्यान्वियन हेतु प्राथमिक उत्तरदायित्व प्रत्येक शाखा स्तर पर वरिष्ठ प्रबंधन हेतु निर्धारत किया गया है। परिचालनात्मक जोखिम के प्रबंधन हेतु कुल मानकों के विकास उत्तरदायित्व में निम्नलिखित क्षेत्रों में सहायक है :-

➢ संव्यवहार के स्वतंत्र प्राधिकार सहित कार्य के उचित पृथक्करण की आवश्यकता;

➢ संव्यवहार के समाधान एवं निगरानी की आवश्यकता;

➢ नियामक एवं अन्य विधिक आवश्यकताओं सहित अनुपालन;

➢ नियंत्रण एवं प्रक्रिया का प्रलेखीकरण;

➢ महसूस किए गए परिचालनात्मक जोखिमों के निर्धारण की आवश्यकता तथा पहचान किए गए जोखिमों का ध्यान रखने के लिए नियंत्रण एवं प्रक्रिया की पर्याप्तता;

➢ परिचालनात्मक हानि की रिपोर्टिंग एवं प्रस्तावित निवारणात्मक कार्रवाई की आवश्यकता;

➢ आकस्मिकता योजना का विकास;

➢ प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक विकास;

➢ नैतिक एवं कारोबार मानक;

➢ बीमा सहित जोखिम कमी, जहां यह प्रभावी है।

तालिका डीएफ–9

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी)

i. **गुणात्मक प्रकटन**

साधारण गुणात्मक प्रकटन अपेक्षा में आईआरआरबीबी और प्रमुख धारणाओं के ऋण भुगतान और अ-परिपक्व जमा का परिचालन संबंधी धारणाओं का स्वरूप तथा आईआरआरबीबी मापने की बारंबारता शामिल है।

ए: **बैंक ऑफ इंडिया**

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम की आम तौर पर तिमाही आधार पर गणना की जाती है। बैंकिंग बही में परिपक्वता हेतु धारित (एचटीएम) संविभाग में धारण किए सभी अग्रिम और निवेश सम्मिलित है।

कार्यनीति और प्रणालियाँ/संरचना और संगठन/जोखिम रिपोर्टिंग संबंधी कार्यक्षेत्र और स्वरूप/नीतियों आदि वही हैं जो टेबल डीएफ-7 के तहत रिपोर्ट की गई है।

आईआरआरबीबी मेजरमेंट की प्रणाली और प्रमुख धारणाएँ निम्नानुसार है;

➢ अग्रिमों तथा जमा राशियों, जो बैंक का 100% कारोबार कवर करती है, की शेष परिपक्वता पर नेटवर्क की शाखाओं से प्राप्त मासिक सूचना के आधार पर विभिन्न समय बकेट के साथ ब्याज दर संवेदनशील और विभिन्न आस्तियों व देयताओं की शेष परिपक्वता को ध्यान में लेते हुए संवेदनशीलता विवरण तैयार किया जाता है।

➢ प्रत्येक आस्ति एवं देयता की अवधि, प्रत्येक टाईम बकेट के मध्यबिंदु को परिपक्वता दिनांक के रूप में एवं औसत प्राप्ति को कूपन के रूप में तथा भुनाई प्रयोजन के लिए बाजार दर को लेकर परिचालित की जाती है। निवेशों के लिए, वास्तविक अवधि ली जाती है, जैसा कि डाटा संपूर्ण ब्योरों सहित उपलब्ध रहता है। निवेशों के संबंध में इस प्रयोग के लिए एएफएस एवं एचएफटी संविभागों को अलग रखा जाता है, जैसा कि बैंकिंग बही में आईआरआर पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।

➢ उक्त के उपयोग से, प्रत्येक बकेट के लिए देयताओं और आस्तियों की आशोधित अवधि परिकलित की जाती है और ब्याज दर में 1% से परिवर्तन के लिए उनके मूल्य पर प्रभाव माना जाता है। उसमें जोडक़र निवल स्थिति परिकलित की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मूल्य में सकारात्मक वृद्धि है या अन्यथा।

धारणाएँ :

i. समस्त टाईम बकेट और समस्त आस्तियों के लिए ब्याज दर सभी समान रूप से चालित होता है।

ii. मांग जमा राशियों–बचत तथा चालू के संदर्भ में इसे भारतीय रिजर्व़ बैंक दिशानिर्देशों के अनुसरण में स्ट्रेस परीक्षण पर विभाजित किया जाता है।

iii. आम तौर पर, बैंक आईआरआरबीबी की गणना करते समय कूपन दर/भुनाई दर का चयन/परिपक्वता तारीख के रूप में प्रत्येक टाईम बकेट के मध्यबिंदु , को लेना आदि सहित रिजर्व़ बैंक के तनाव परीक्षा संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करता है।

iv. बीपीएलआर लिंकड अग्रिमों/बेस रेट के पुनर्मूल्य निर्धारण को 3 से 6 माह के बकेट में लिया गया है।

v. एमसीएलआर से संबद्ध अग्रिमों का पुनर्मूल्यन, उस एमसीएलआर परिपक्वता अवधि के आधार पर किया गया है जिससे ये एमसीएलआर संबद्ध है।

बी: **पीटी बैंक ऑफ इंडिया इंडोनेशिया टीबीके (अनुषंगी) तथा बैंक ऑफ इंडिया (तंजानिया) लि., बैंक ऑफ इंडिया (न्यूजीलैंड) लि. (अनुषंगियां) तथा बैंक ऑफ इंडिया युगांडा लि.**

बैंक अपनी वित्तीय स्थिति एवं नकदी प्रवाह पर बाजार ब्याज दरों के वर्तमान स्तरों में अस्थिरता के प्रभाव सहित शामिल विभिन्न जोखिमों से युक्त है। बाजार प्रवृत्ति में परिवर्तन के साथ-साथ बैंक को जमा राशियों, ऋण एवं अग्रिमों पर ब्याज दर में संशोधन करने का विवेकाधिकार है। इन उपायों के कारण बैंक के ब्याज दर जोखिम का क्षेत्र कम होता है।

II **मात्रात्मक प्रकटन**

आईआरआरबीबी मापने के लिए प्रबंधन की प्रणाली के अनुसार उर्ध्वमुखी और अधोमुखी रेट शॉक के लिए उपार्जन और आर्थिक मूल्य (अथवा प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त संबद्ध उपाय) में वृद्धि (ह्रास), मुद्रा द्वारा खंडित (जहां कुल पण्यावर्त के 5% से अधिक पण्यावर्त होता है)

बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (बीओआई सोलो)

(रू. मिलियन में)

	कुल	**जिसमें से, यूएसडी में (जहां कारोबार कुल कारोबार के 5% से अधिक है)**
1. जोखिम पर अर्जन (एनआईआई)		
1 वर्ष के लिए 0.50% परिवर्तन	993.95	(208.53)
2. जोखिम पर इक्विटी का आर्थिक मूल्य		
200 बेसिस पॉईंट शॉक	7896.48	8675.79
% ता के रूप में इक्विटी मूल्य में कमी	4.06%	4.46%

तालिका – डीएफ 10

प्रतिपक्षी ऋण जोखिम से संबंधित एक्सपोजऱ के लिए सामान्य प्रकटन

I **गुणात्मक प्रकटन**

बैंक तुलन पत्र की मदों के साथ प्रतिपक्षी कारोबार के उद्देश्य से हैजिंग के लिए व्युत्पन्न उत्पादों का प्रयोग करता है। व्युत्पन्न परिचालन के जोखिम प्रबंधन के शीर्ष में वरिष्ठ कार्यपालक रहते हैं जो उच्च प्रबंधन को रिपोर्ट करते है, यह लाइन कार्यो से स्वतंत्र है। ट्रेडिंग की स्थिति दैनंदिन आधार पर बाजाऱ मूल्य को बही में अंकित किया जाता है (मार्कड टू मार्केट)।

जोखिम प्रबंधन विभाग द्वारा व्युत्पन्न नीति बनाई जाती है जिसमें ऋण जोखिम और बाजार जोखिम को आंकना शामिल है।

तुलन पत्र प्रबंधन के लिए हैज संव्यवहार किया जाता है। जोखिमों के सही रिपोर्टिंग और निगरानी के लिए उचित प्रणाली है। हैजिंग की नीति और उसकी निगरानी की प्रक्रिया भी उसी प्रकार से है।

हैज तथा गैर-हैज संव्यवहारों को रिकार्ड करने के लिए लेखांकन नीति है जिसमें आय, प्रीमियम और छूट का निर्धारण शामिल है। बकाया संविदा, प्रावधानीकरण, संमार्श्विक और जोखिम न्यूनीकरण का मूल्यांकन किया जा रहा है।

करंट एक्सपोजर मेथोडोलजी (सीईएम) के अनुरूप क्रेडिट समतुल्य अथवा ईएडी परिकलित की गई है। संभाव्य एक्सपोजर का परिकलन क्रेडिट कनवर्जन फैक्टर के साथ कल्पित मूलधन को गुणा करके किया जाता है। प्रतिस्थापन लागत सकारात्मक बाजार मूल्य है। चालू एक्सपोजर प्रतिस्थापन लागत के समान है। क्रेडिट समतुल्य अथवा ईएडी संभाव्य एक्सपोजर और चालू एक्सपोजर का जोड है।

II गुणात्मक प्रकटन

क) संविदाओं का सकल सकारात्मक उचित मूल्य,लाभ की निवल राशि, चालू ऋण एक्सपोजर की निवल राशि, धारित संपार्श्विक (यथा नकदी,सरकारी प्रतिभूतियां आदि प्रकार सहित) और निवल व्युत्पन्न ऋण एक्सपोजर । इसमें चूक वाले एक्सपोजर के लिए उपाय की रिपोर्ट अथवा सीईएम के तहत एक्सपोजर राशि भी है। ऋण व्युत्पन्न हेज की कल्पित शून्य और ऋण एक्सपोजर के प्रभार द्वारा चालू ऋण एक्सपोजर का वितरण।

ख) ऋण व्युत्पन्न संव्यवहार जो सीसीआर (कल्पित मूल्य) में एक्सपोजर सृजित करती है, संस्था के अपने क्रेडिट पोर्टफोलियो के साथ प्रयोग किए गए क्रेडिट व्युत्पन्न उत्पादों के वितरण सहित उसकी मध्यवर्ती गतिविधियों के बीच पृथक किया जाता है, जिसे आगे प्रत्येक उत्पाद समूह के मध्य खरीदे और बेचे गए संरक्षण में विखंडित किया जाता है।

(रू. मिलियन में)

काउंटर पार्टी ऋण जोखिम (सीसीआर)	
कल्पित मूलधन रकम	6,36,666.93
संभाव्य एक्सपोजर	16,371.87
प्रतिस्थापन लागत	5,272.86
चालू एक्सपोजर	5,272.86
क्रेडिट समतुल्य अथवा ईएडी	21,644.73
आरडब्ल्यूए	6,586.12
पूँजी प्रभार	526.89

(रू. मिलियन में)

मदें	कल्पित रकम	चालू ऋण एक्सपोजर	क्रेडिट समतुल्य
मुद्रा विकल्प	0	0	0
क्रॉस सीसीवाई ब्याज दर स्वैप	52996.32	29.47	5121.09
वायदा दर करार	502980.51	5143.24	15779.29
ब्याज दर भविष्य	0	0	0
ऋण चूक स्वैप	0	0	0
एकल सीसीवाई ब्याज दर स्वैप	80690.10	100.24	744.35
कुल	**636666.93**	**5272.96**	**21644.73**

तालिका डीएफ -11
पूंजी का विन्यास

(रू. मिलियन में)

	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी : लिखत तथा आरक्षित	
1	प्रत्यक्ष जारी विशेषक सामान्य शेयर पूंजी के साथ संबंधित अतिरिक्त स्टॉक (शेयर प्रीमियम)	237264.93
2	प्रतिधारित उपार्जन	-149712.14
3	संचित अन्य व्यापक आय (और अन्य आरक्षितियां)	244,102.74
4	सीईटी 1 से फेस आउट के अधीन प्रत्यक्ष जारी पूंजी (केवल गैर- संयुक्त स्टॉक कंपनियों के लिए लागू)	
	सार्वजनिक क्षेत्र में पूंजी लगाना जिसकी देखरेख 1 जनवरी 2018 तक की जाएगी	
5	अनुषंगियों द्वारा जारी और थर्ड पार्टियों द्वारा धारित सामान्य शेयर पूंजी (ग्रुप सीईटी 1 में अनुमत रकम)	1591.47
6	**विनियामक समायोजन के पहले सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी**	**333247.00**
	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी : विनियामक समायोजन	
7	विवेकपूर्ण मूल्यांकन समायोजन	
8	गुडविल (संबंधित कर देयता का निवल)	
9	बंधक सर्विसिंग अधिकारों को छोड़कर अमूर्त (संबंधित कर देयता का निवल)	-
10	आस्थगित कर आस्तियां	58878.11
11	नकदी प्रवाह हैज आरक्षित	
12	अपेक्षित हानि के प्रावधान में कमी	
13	बिक्री पर प्रतिभूतिकरण लाभ	
14	उचित मूल्य देयताओं पर अपने ऋण जोखिम में परिवर्तन के कारण लाभ और हानियां	
15	परिनिश्चित- लाभ पेंशन फंड निवल आस्तियां	
16	अपने शेयरों में निवेश (रिपोर्ट की गई तुलन-पत्र में यदि पहले ही प्रदत्त पूंजी समायोजित न किया गया हो)	
17	सामान्य इक्विटी में पारस्परिक क्रॉस-धारिता	627.21
18	विनियामक समेकन की परिधि से बाहर बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं के पूंजी में पात्र अधिविक्रय की स्थिति का समायोजन जहाँ संस्था द्वारा जारी शेयर पूंजी के अधिकतम 10% का स्वामित्व बैंक का है (10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि)	
19	विनियामक समेकन की परिधि के बाहर बैंकिंग, वित्तीय और बीमा संस्थाओं के कॉमन स्टाक में महत्वपूर्ण निवेश, पात्र अधिविक्रय की स्थिति का समायोजन (10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि)	
20	बंधक सर्विसिंग अधिकार (10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि)	

21	अस्थायी अंतरों से उभरे आस्थगित कर आस्तियां (10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि, कर देयता से संबंधित का समायोजन)	
22	(10% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि, कर देयता से संबंधित का समायोजन)	
23	15% थ्रेसहोल्ड से अधिक राशि	
24	जिसमें से: वित्तीय संस्थाओं के कॉमन स्टॉक में महत्वपूर्ण निवेश	
25	जिसमें से: अस्थायी अंतरो से उभरे आस्थगित कर आस्तियां	
26	राष्ट्रीय निर्दिष्ट विनियामक समायोजन 7 (26ए+26बी+26सी+26डी)	
26ए	जिसमें से: असमेकित बीमा अनुषंगियों के इक्विटी पूंजी में निवेश	100.00
26बी	जिसमें से: असमेकित गैर-वित्तीय अनुषंगियों के इक्विटी पूंजी में निवेश	0
26सी	जिसमें से: बहुलांश स्वामित्व वित्तीय संस्थाएं जिन्हें बैंक के साथ समेकित नहीं किया गया है के इक्विटी पूंजी में कमी	0
26डी	जिसमें से: अपरिशोधित पेंशन निधि व्यय पूर्व बासेल III व्यवहार के अधीन रकम के संबंध में सामान्य इक्विटी टियर 1 पर लगाएं गए विनियामक समायोजन।	
	जिसमें से: समायोजन के प्रकार की प्रविष्टि करें.	
	उदाहरण के लिए: एएफएस ऋण प्रतिभूतियों पर अप्राप्त हानियों को फिल्टर किया जाना (भारतीय परिप्रेक्ष्य में कोई संबंध नहीं)	
	जिसमें से: समायोजन के प्रकार की प्रविष्टि करें.	
	जिसमें से : समायोजन के प्रकार की प्रविष्टि करें .	
27	कटौतियों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त अतिरिक्त टियर 1 और टियर 2 के कारण सामान्य इक्विटी टियर 1 पर लगाए गए विनियामक समायोजन	
